RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | शनिवार , 02 मई 2026 | वर्ष: 04, अंक: 47 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# पश्चिम बंगाल में 15 बूथों पर पुनर्मतदान दो मई को

## दूसरे चरण में मतदान के दौरान मिली गड़बड़ियों की शिकायतों पर निर्वाचन आयोग ने लिया संज्ञान

**दक्षिण 24 परगना/एजेंसी**

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान के दौरान मिली गड़बड़ियों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए निर्वाचन आयोग ने दो विधानसभा क्षेत्र के 15 बूथों पर पुनर्मतदान का फैसला लिया है। पुनर्मतदान के तहत मगराहट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 बूथों और डायमंड हार्बर के 4 बूथ शामिल हैं। यह पुनर्मतदान 2 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पुनर्मतदान कराया जाएगा। आयोग ने यह निर्णय 29 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मिली शिकायतों और रिपोर्टों की समीक्षा के बाद लिया। रिटर्निंग अधिकारियों, पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट, वीडियो फुटेज और जमीनी हालात के आधार पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 58(2) के तहत मतदान रद्द किया गया। सूत्रों के मुताबिक, मतदान के दिन ईवीएम खराबी, बूथ कैप्चरिंग और हिंसा जैसी घटनाओं की शिकायतें सामने आई थीं। निर्देश के अनुसार, पुनर्मतदान वाले सभी बूथों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों की कड़ी तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही वेबकास्टिंग और माइक्रो ऑब्जर्वरों की निगरानी में मतदान प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। पुनर्मतदान के तहत मगराहट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 बूथों और डायमंड हार्बर के 4 बूथ शामिल हैं। मगराहट पश्चिम के जिन बूथों पर मतदान होगा, उनमें उत्तर इयरपुर एफपी स्कूल, नजरापुर स्कूल, देवहाट एफपी स्कूल, घोला नयापाड़ा गर्ल्स हाई मदरसा, एकतारा मल्लिक फ्री प्राइमरी स्कूल और बहिरपुर कुरकुरिया फ्री प्राइमरी स्कूल के विभिन्न कक्ष शामिल हैं। वहीं डायमंड हार्बर में बागड़ा जूनियर हाई स्कूल, चांदना फ्री प्राइमरी स्कूल, हरिदेवपुर फ्री प्राइमरी स्कूल और रायनगर हैप्पी स्कूल के बूथों पर पुनर्मतदान कराया जाएगा।





### निर्वाचन अधिकारी को सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए

**जिला** निर्वाचन अधिकारी को सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने यह भी कहा है कि जिन क्षेत्रों में पुनर्मतदान होना है, वहां मुनादी और अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार किया जाए और सभी उम्मीदवारों को लिखित सूचना दी जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे।

**मतगणना से पहले आरामबाग में प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था का उच्चस्तरीय निरीक्षण**

चार मई को होने वाली मतगणना को लेकर आरामबाग में प्रशासन की सक्रियता तेज हो गई है। शुक्रवार को बर्धमान रेंज के डीआईजी हरी पांडे ने मतगणना केंद्र का दौरा किया।

उनके साथ हुगली के जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित राज्य पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अधिकारियों ने मतगणना केंद्र के भीतर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### मतगणना के दौरान सीएपीएफ की 700 कंपनियों की रहेगी तैनाती : आयोग

**आसनसोल**

पश्चिम बंगाल में दो चरण में विधानसभा चुनाव बीतने के बाद चार मई को होने वाली मतगणना को लेकर केंद्रीय निर्वाचन आयोग पूरी तरह सतर्क हैं। आयोग का कहना है कि चुनाव बाद किसी भी प्रकार की हिंसा या अशांति को रोकने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। राज्य भर में शांतिपूर्ण जनादेश को सुनिश्चित करने के लिए सीएपीएफ की 700 कंपनियों की तैनाती जारी रहेगी। सभी काउंटिंग सेंटरों पर तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्त की व्यवस्था की गई है।

## मतगणना से पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंची टीएमसी

**नई दिल्ली/एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। यह कदम कोलकाता उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ उठाया गया है। उच्च न्यायालय ने 30 अप्रैल को तृणमूल कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया था। यह याचिका पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से संबंधित थी। तृणमूल कांग्रेस ने मतगणना में पर्यवेक्षकों की तैनाती पर आपत्ति जताई थी। पार्टी ने केवल केंद्र सरकार के कर्मचारियों को पर्यवेक्षक बनाने के फैसले को चुनौती दी थी। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के कर्मचारी भी शामिल थे। अब सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ 2 मई को इस मामले की सुनवाई करने वाली है।

**टीएमसी ने तत्काल सुनवाई का किया था आग्रह**

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ कल सुबह 10:30 बजे याचिका पर सुनवाई करेगी।



### निष्पक्षता को प्रभावित कर सकता है यह फैसला- टीएमसी

अपनी याचिका में टीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट से कल इस मामले पर तत्काल सुनवाई करने का आग्रह किया, जिसमें कहा गया है कि चुनाव वाले राज्य में मतगणना सोमवार सुबह से शुरू होने वाली है, और याचिका की सुनवाई में किसी भी प्रकार की देरी इसे निष्फल बना देगी।

तृणमूल कांग्रेस का मानना था कि यह फैसला निष्पक्षता को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने अपनी याचिका में इस पर गंभीर सवाल उठाए थे। पार्टी ने तर्क दिया था कि यह कदम लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। अब तृणमूल कांग्रेस ने इस महत्वपूर्ण मामले को सर्वोच्च न्यायालय में ले जाने का निर्णय लिया है।

क्या है टीएमसी की याचिका का आधार?

तृणमूल कांग्रेस ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि केवल केंद्रीय कर्मचारियों की तैनाती अनुचित है। उनका कहना था कि इससे मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा हो सकता है।

# यूपी के हर श्रमिक को मिलेगा पांच लाख का सुरक्षा कवच: सीएम योगी

**लखनऊ/एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर आयोजित श्रमवीर गौरव समारोह 2026 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के निर्माण और औद्योगिक श्रमिकों को बड़ा सुरक्षा कवच देते हुए पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज और सुरक्षा बीमा की घोषणा की। उन्होंने साफ कहा कि जो श्रमिक काम करेगा, उसे उसका पूरा दाम मिलेगा। अगर कोई दाम नहीं देगा, तो सरकार उसका काम तमाम करेगी। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कुछ योजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास भी किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 12.26 लाख निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान योजना से जोड़ा जा चुका है, जबकि शेष 15.83 लाख श्रमिकों को भी जल्द पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में 10 या उससे अधिक श्रमिकों वाले प्रतिष्ठानों में काम करने वाले मजदूरों को भी पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा देने की तैयारी है, जिससे करीब एक करोड़ श्रमिक लाभान्वित होंगे।



4



1

# प्रयागराज से सोनभद्र तक बनेगा 330 किमी लंबा विंध्य एक्सप्रेसवे, 84 गांवों की जमीन का होगा अधिग्रहण

**प्रयागराज**
गंगा एक्सप्रेसवे के बाद प्रयागराज वासियों को अब विंध्य एक्सप्रेसवे का तोहफा मिलने जा रहा है जो उत्तर प्रदेश को चार राज्यों की सीमा से जोड़ेगा और यह गंगा एक्सप्रेसवे से लिंक होगा। इस पर जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है।
गंगा एक्सप्रेसवे के बाद प्रयागराज वासियों को अब विंध्य एक्सप्रेसवे का तोहफा मिलने जा रहा है जो उत्तर प्रदेश को चार राज्यों की सीमा से जोड़ेगा और यह गंगा एक्सप्रेसवे से लिंक होगा। इस पर जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है।
ढ१८१ ठी६२: गंगा एक्सप्रेसवे संगमनगरी के पर्यटन और व्यापार के लिए बनेगा ग्रोथ इंजन
प्रयागराज
अन्य केंद्रों के ध्यानार्थ : उत्तर प्रदेश के विकास की धुरी बनेगा गंगा एक्सप्रेसवे : केपी मलिक
वढः गंगा एक्सप्रेसवे ने बदली प्रदेश की तस्वीर, आस्था और पर्यटन को मिला बूस्ट; अब डायरेक्ट जुड़े ये
गंगा एक्सप्रेसवेः बदायूं से अब ढाई घंटे में लखनऊ, पांच घंटे में पहुंच सकेंगे प्रयागराज, विकास को मिली
प्रयागराज से प्रतापगढ़ के बीच गंगा एक्सप्रेस वे पर तीन स्थानों से मिलेगी इंट्री
प्रयागराज
विंध्य एक्सप्रेसवे के लिए जिन गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना




है उनमें सोरांव तहसील का गांव जुड़ापुर दांदू भी शामिल हैं और इसी गांव में गंगा एक्सप्रेसवे का अंतिम छोर है जिसका उद्घाटन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई से किया। प्रयागराज से सोनभद्र तक तकरीबन 330 किमी लंबा प्रस्तावित विंध्य एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को चार राज्यों की सीमा से जोड़ेगा।
सोनभद्र से चार राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा जुड़ी है। ऐसे में दिल्ली व पश्चिमी यूपी की ओर से गंगा एक्सप्रेसवे आने वाले लोगों को सोरांव के जुड़ापुर दांदू में विंध्य एक्सप्रेसवे का लिंक मिल जाएगा। इससे समय और दूरी दोनों की बचत होगी। साथ ही व्यापार व पर्यटन की दृष्टि से भी यह काफी महत्वपूर्ण साबित होगा।
यह एक्सप्रेस प्रयागराज में सोरांव, फूलपुर, हंडिया तहसील के रास्ते होते हुए मिजार्पुर और सोनभद्र तक जाएगा। एक्सप्रेसवे के लिए तीन तहसीलों के जिन 84 गांवों में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, उनमें तहसील सोरांव के 29, फूलपुर के 24 और तहसील हंडिया के 31 गांव हैं। जिला प्रशासन की ओर से इन गांवों की सूची तैयार की जा चुकी है।
इन गांवों में होगा जमीन का अधिग्रहण

**तहसील सोरांव**
खमकरनपुर, सरांय अर्जुन उर्फ हरिमडिला, गोपालपुर, बारी, शाहवपुर, जुड़ापुर दांदू, नारायनपुर, अलीपुर, सरांय लाल खातून उर्फ शिवगढ़, मलाक चतुरी, सराय भोगी, कल्याणपुर उर्फ जंगलपुर, सरांय वसिंह उर्फ सरांय बाहर, गोहरी, वजीराबाद, चक झांखर राम, उदयचंद्रपुर, मटियारा, बिगहरिया, टिकरी तालुके पंड़िला, मरियमपुर, तिल्हापुर उर्फ नाहरपुर, बनकेसर, बभनपुर डेरागदाई, ताजउद्दीनपुर, बड़नपुर, थरवई, निंदूरा, डेरागदाई।

## बालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी** । 25 अप्रैल को थाना करारी पर वादी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी नाबालिग पुत्री को आरोपी शनि बहला फुसलाकर भगा ले गया है । काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं हो सकी। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना करारी पर अपहरण पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त क्रम में शुक्रवार को थाना करारी पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त शनि कुमार पुत्र रामसरन निवासी छोटा पचम्भा थाना करारी जनपद कौशाम्बी को प्राथमिक विद्यालय छोटा पचम्भा के पास से गिरफ्तार किया गया है ।

## वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया




**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी** । 25 मार्च को थाना मंझनपुर पर वादिनी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी नाबालिग पुत्री को मेरा दामाद अतुल कुमार बहला फुसलाकर भगा ले गया है । काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं हो सकी । प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना मंझनपुर पर अपहरण पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त क्रम में शुक्रवार को थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त अतुल कुमार पुत्र राम भजन निवासी हरदवा थाना धाता जनपद फतेहपुर को ससुर खदेरी नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया।

## जनपद में चला अभियान आठ वारंटी गिरफ्तार















**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त विजय पुत्र संगम लाल निवासी इमलीगाँव, चौधरी पुत्र सम्मारीलाल निवासी जलालपुर जबाहरगंज , अभियुक्त वसंतलाल पुत्र स्व0 रामलाल निवासी तिल्हापुर , प्रदीप केशरवानी पुत्र ननकूलाल निवासी मौलवीगंज कस्बा सराय अकिल ,अजीज उल्ला उर्फ जुल्ला पुत्र रईश निवासी मौलवीगंज कस्बा सराय अकिल ,अभियुक्त हुलेश पासी पुत्र मैकूलाल निवासी मौलवीगंज कस्बा सराय अकिल थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया।
थाना मंझनपुर पुलिस द्वारा एस एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी छत्तूपुर चकनारा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया।
थाना करारी पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त चांद बाबू पुत्र मैकन निवासी बड़ा पचम्भा मजरा पण्डीरी थाना करारी को किया गिरफ्तार।

## भगवान बुद्ध की शिक्षाएं एवं पुण्य विचार सर्वदा हमें मानवता की सेवा व कल्याण के लिए प्रेरित करते रहेंगे-धर्मराज

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी** । सिराथू के मां शीतला अतिथि ग्रह संयारा में बुद्ध पूर्णिमा की पावन बेला पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर नमन करते हुए उनके जीवन पर अपनी जानकारी को साझा किया।
जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भगवान बुद्ध को नमन करते हुए कहा कि भारतीय धर्म और अध्यात्म की महान परंपरा में इस तिथि का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन प्रकृति की गोद में करुणावतार भगवान बुद्ध का जन्म,उनको ज्ञान प्राप्ति और उनका महापरिनिर्वाण तीनों दिव्य घटनाएं घटित हुई।भगवान बुद्ध





का जीवन त्याग,अहिंसा,करुणा और सह-अस्तित्व का जीवंत उदाहरण है।
उनके उपदेश प्रत्येक कालखंड में मानवता के लिए पथप्रदर्शक हैं। वैशाख की पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं बल्कि आत्मचिंतन,जागरूकता और अध्यात्म व मानवता के मार्ग पर अनवरत चलने का संकल्प है भगवान बुद्ध का संपूर्ण जीवन त्याग,ज्ञान और करुणा की अद्वितीय यात्रा थी।एक ऐसी यात्रा जिसने मानव जीवन के गूढ़ प्रश्नों का सरल और व्याहारिक समाधान प्रस्तुत किया।दुनिया का ऐसा कोई हिस्सा नहीं बचा था जहां बौद्ध भिक्षुओं के कदम न पड़े हों।दुनिया भर के हर इलाके से खुदाई में भगवान बुद्ध की प्रतिमा निकलती है दुनिया की सर्वाधिक प्रतिमाओं का रिकॉर्ड भी भगवान बुद्ध के नाम दर्ज है। भगवान बुद्ध के अमूल्य संदेश युगों-युगों तक मानवता का पथ आलोकित करते रहें,इसी कामना के साथ पुनः आप सभी को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं! इस मौके पर जिला महामंत्री ज्योति केसरवानी,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीतू कनौजिया,चेयरमैन सिराथू राजेंद्र कुमार भोला यादव,जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा योगेंद्र सिंह,मण्डल प्रभारी हीरा लाल सरोज,मण्डल अध्यक्ष प्रदीप कुमार पटेल,जितेंद्र मौर्य,अजय शुक्ला,राहुल कुशवाहा,मनीष मौर्य सहित सम्मानित कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## यातायात पुलिस ने चलाया अभियान, बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों का काटा चालान



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर** । पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात श्रीमती प्रगति यादव के कुशल पर्यवेक्षण में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के दृष्टिगत प्रभारी यातायात निरी0 केशरी प्रसाद यादव एवं यातायात पुलिस द्वारा शहर क्षेत्र एवं कस्बा खागा, बिन्दकी में दो पहिया वाहनों पर बिना हेलमेट, चार पहिया वाहन में बिना सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने वाले, बिना नम्बर प्लेट लगे, वाहन चलाने वालों चालकों की चेकिंग कर कार्यवाही की गई। इसके साथ साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

## पुलिस अधीक्षक में कोतवाली थाने में सुनी फरियाद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर** । पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक द्वारा थाना कोतवाली में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान आमजन की विभिन्न समस्याओं/शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सभी को निर्देशित किया गया कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बनाए रखें।

## प्रदेश से फिलहाल दूर रहेगी गर्मी, छह से आठ डिग्री तक गिरा पारा; चार मई से फिर सक्रिय होगा विक्षोभ

**लखनऊ**
यूपी में फिलहाल गर्मी का प्रकोप कम रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार चार मई के बाद एक बार फिर विक्षोभ सक्रिय होगा।
यूपी का मौसम। - फोटो : अमर उजाला।
उत्तर प्रदेश में पिछले तीन दिनों से जारी बूंदाबांदी और तेज हवाओं के असर से शुक्रवार को तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। कई क्षेत्रों में दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे मई का पहला दिन सुहावना रहा।
बदला मौसम का मिजाज, धूप के बीच राहत का एहसास, चार से छह मई तक फिर बारिश के आसार
मेरठ
यूपी में बदला मौसम का मिजाज, 4 मई से दोबारा बारिश के आसार; पढ़ें मौसम विभाग का




पूर्वानुमान
यूपीः पूरे प्रदेश में विक्षोभ का असर, दस से 12 डिग्री तक गिरा पारा, लखनऊ में देर रात जमकर बारिश; जानें अपडेट
यूपीः भीषण गर्मी के बीच आज मौसम लेगा यू-टर्न, तेज हवाओं के साथ बारिश और वज्रपात का अलर्ट; लू से मिलेगी राहत
लखनऊ
यूपीः रिकॉर्ड गर्मी और तपिश के बीच मौसम आज से लेगा यू-टर्न, कुछ जिलों में चलेगी लू- इन इलाकों में बारिश; जानिए पूर्वानुमान
गोरखपुर में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री और बलिया में 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से काफी कम है और प्रेक्षण इतिहास में क्रमशः तीसरा व पांचवां सबसे कम स्तर रहा। प्रदेश के करीब 15 जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहा। उरई 41.6 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा, जबकि हरदोई में 17 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडी रात दर्ज की गई।
पिछले 24 घंटों में कन्नौज में 54 मिमी, बलरामपुर में 52.6 मिमी, लखीमपुर खीरी में 51.8 मिमी, बरेली में 29 मिमी और गोरखपुर में 23.8 मिमी वर्षा हुई।
आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, अगले दो दिन मौसम शुष्क रहेगा और धूप निकलने से तापमान में 6 से 8 डिग्री तक बढ़ोतरी होगी। चार मई से नया विक्षोभ सक्रिय होने पर फिर आंधी-बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि मई में तराई क्षेत्रों में लू के दिन सामान्य से अधिक रह सकते हैं।

## कप्तान ने कोतवाली थाने का किया निरीक्षण, लंबित विवेचनाओं का निस्तारण के दिए निर्देश





**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर** । पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक द्वारा थाना कोतवाली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव, मालखाना, हवालात एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एसपी द्वारा निरीक्षण उपरांत आयोजित बैठक में सीसीटीएनएस प्रणाली, लंबित प्रकरणों के निस्तारण, विवेचनाओं की गुणवत्ता एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई। एसपी ने सीसीटीएनएस को अद्यतन रखने, लंबित विवेचनाओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, विवेचनाओं में पारदर्शिता एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## शराब के नशे में युवक ने लूट का रचा झूठा ड्रामा

### साथ बैठकर पी जाम, पैसे देने की बारी आई तो रची साजिश

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** क्षेत्र में शराब के नशे में शुरू हुआ विवाद एक फर्जी लूट की कहानी तक जा पहुँचा। बीते 27 अप्रैल को शराब के ठेके पर साथ बैठकर जाम छलकाने वाले दो पक्ष पैसे के लेनदेन को लेकर आपस में भिड़ गए। मामला तब गंभीर हुआ जब एक पक्ष ने अगले दिन पुलिस को लूट की झूठी तहरीर देकर गुमराह करने की कोशिश की। मिली जानकारी के अनुसार, इमामगंज निवासी सनी पुत्र दूधनाथ अपने एक साथी के साथ कर्बला स्थित शराब के ठेके के पास एक खाली स्थान पर बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान मंसूराबाद निवासी मो. सैफ भी वहाँ पहुँच गया। नशे के दौर में तीनों के बीच बातचीत शुरू हुई और वे दोस्त बन गए। काफी देर तक साथ पीने के बाद सैफ अत्यधिक नशे में होने के कारण चलने में असमर्थ हो गया। उसने सनी के सामने एक प्रस्ताव रखा कि यदि सनी उसे स्टेशन तक छोड़ दे तो वह उसे एक बोतल शराब दिलाएगा सनी इस सौदे पर राजी हो गया और उसे लेकर स्टेशन पहुँच गया। विवाद तब शुरू हुआ जब स्टेशन पहुँचने के बाद सैफ शराब के पैसे देने या बोतल दिलाने के अपने वादे से मुकरने लगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। अगले दिन सैफ ने खुद को पीड़ित बताते हुए पुलिस को लूट की तहरीर दे दी, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया जैसे ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज की, परते खुलनी शुरू हो गईं। शुरूआती जांच में मामला आपसी लेनदेन और नशे में हुए विवाद का पाया गया है ।

## भाकियू अराजनैतिक संगठन नेताओं ने दिया ज्ञापन

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा बंगाल के द्वारा अजय पाल शर्मा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नर प्रयागराज एवं बंगाल के चुनाव ऑब्जर्वर पर झूठा फर्जी एडिट फोटो वीडियो एवं गलत मैसेज गलत टिप्पणी एवं छबि खराब करने के विरोध में कड़ी कार्यवाही एवं मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। मांग करने वाले में बबलू दुबे मंडल अध्यक्ष मंडल प्रयागराज भाकियू अराजनैतिक संगठन, चंचल मिश्रा युवा मंडल उपाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार मंडल सचिव, हरिश्चंद्र युवा मंडल सचिव, गोबिंद



सिंह जिला सचिव, अंगद मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष, कमलेश पटेल युवा तहसील अध्यक्ष, मुन्ना मिश्रा ब्लॉक उपाध्यक्ष, नरेंद्र पटेल तहसील संगठन मंत्री आदि कई लोग शामिल रहे। इनकी मौजूदगी में ज्ञापन




पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज एवं पुलिस उपायुक्त गंगानगर को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार तहसील सोरांव एवं केशव वर्मा थाना प्रभारी निरीक्षक थाना सोरांव को दिया गया।

## छिनैती करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार, मोबाइल और बाइक बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** उतरांव पुलिस टीम द्वारा दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। इनके कब्जे से छिनैती की मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद हुई है। उतरांव थाने में धारा-304(2) से सम्बन्धित दो वांछित अभियुक्त अर्जुन सिंह निवासी ग्राम फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर थाना बहरिया कमिश्नरेट प्रयागराज और सोनू बैगा निवासी ग्राम अजना थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना उतरांव पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को उतरांव क्षेत्र के कसियापुर हॉइवे फ्लाई ओवर के पास से छीनी गयी मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी की गयी। पुलिस के अनुसार, अभियुक्तों द्वारा 27 अप्रैल को थाना उतरांव क्षेत्र के ग्राम वलिपुर में घर जाते समय मोबाइल छीनकर भाग गया था। थाना उतरांव में मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## यूपी में दूल्हे की हत्या: बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली, घर से पांच किलोमीटर दूर वारदात को दिया अंजाम

**जौनपुर** जिले में बरात लेकर जा रहे दूल्हे को घर से पांच किलोमीटर दूरी पर बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया।
मृतक की फाइल फोटो व मौके पर जांच करती पुलिस - फोटो : अमर
खेतासराय थाना क्षेत्र के बादशाही बाजार में शुक्रवार की रात अपाचे बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने शादी करने जा रहे दूल्हे आजाद बिंद (25) की गाड़ी को ओवरटेक कर रोक लिया। आरोप है कि जब तक वह कुछ समझ पाता।

## भाजपा सांसद अरुण कुमार सागर और बेटों को धमकी, दीं गालियां और कहे जातिसूचक शब्द; सुने 2 .36 मिनट का ऑडियो

**बुलंदशहर**
सांसद अरुण कुमार सागर ने बताया कि आरोपी विपक्षी पार्टी के एक नेता की शह पर ऐसा कर रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तहरीर नहीं दी है लेकिन वह जल्द प्राथमिकी दर्ज कराएंगे।
सांसद अरुण सागर - फोटो : अमर उजाला
**विस्तार**
यूपी के शाहजहांपुर स्थित साउथ सिटी कॉलोनी के रहने वाले एक व्यक्ति ने सांसद अरुण सागर व उनके बेटों को धमकाया। इससे पहले 28 अप्रैल को उनके बेटे अंकित सागर से आरोपी ने अभद्रता करने के साथ जातिसूचक शब्द कहे थे। आरोपी का एक ऑडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें वह जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए सांसद के परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। ऑडियो की पुष्टि संवाद न्यूज एजेंसी नहीं करती। सांसद ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए कहा है।
ये भी पढ़ें
12 मई तक देरी से आएगी फरक्का एक्सप्रेस, झेलनी पड़ सकती है परेशानी





बुलंदशहर
बीबीनगर क्षेत्र के गांव बाहपुर में धरना व आमरण अनशन पर बैठे किसान। स्रोतः संगठन
इ४ल्लरिँ१ ठी६२: जमीन अग्रिहण के विरोध में चल रहा धरना जारी, अब शुरू किया आमरण अनशन
बुलंदशहर
चुनौतियां अभी बाकी हैंप्रीमियम
पश्चिम एशिया संकटः अभी बाकी हैं चुनौतियां, ढांचागत कमजोरियों को दूर करना ही होगा
विचार
अब नहीं लगानी होगी दिल्ली की दौड़, इमरजेंसी में 24 घंटे लगेगा सीरम
बुलंदशहर
पिता की जान बचाने को गंगा में कूदे युवक का दूसरे दिन मिला शव
बुलंदशहर
साउथ सिटी कॉलोनी में रहने वाले भाजपा सांसद अरुण कुमार सागर के बेटे अंकित सागर 28 अप्रैल को क्रिकेट खेलने के लिए जा रहे थे। तभी उनसे रंजिश मानने वाला कॉलोनी का नीटू सिंह उनसे अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर गाड़ी के बोनट पर घूंसे मारने लगा।
सूचना पर अजीजगंज पुलिस मौके पर आई तो आरोपी ने पुलिस से भी अभद्रता की। इसके बाद आरोपी भाग गया। मामले में आरोपी की एक कॉल रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। किसी अन्य व्यक्ति को की गई कॉल में वह सांसद और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इसके अलावा दोनों पुत्रों और सांसद को जातिसूचक शब्द भी कह रहा है।

# पत्नी के लिए ससुराल के बाहर जहर खाकर भाजपा नेता ने दी जान, नौ मिनट की रिकॉर्डिंग में लगाए गंभीर आरोप

**कानपुर**
मूलरूप से कन्नौज के थाना तालिग्राम के नेपालपुर गांव निवासी विनोद कुमार मिश्रा आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत थे और पत्नी अनीता, बच्चे पीहू, कार्तिक और अटल के साथ नरेला क्षेत्र में रहते थे। चाचा आरके मिश्रा ने बताया कि भतीजा नरेला से ही भाजपा से पार्षद चुनाव लड़ चुका था।
पत्नी और ससुरालीजनों पर मानसिक उत्पीड़न और साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाकर दिल्ली में निजी बैंक के लोन फील्ड ऑफिसर और भाजपा नेता विनोद कुमार मिश्रा (38) ने गुरुवार को बर्रा विश्वबैंक कॉलोनी में स्थित ससुराल के बाहर जहरीला पदार्थ खा लिया। इस दौरान उन्होंने नौ मिनट की एक वॉइस रिकॉर्डिंग बनाई, जिसमें कहा कि मैं मरना नहीं चाहता था, लेकिन ससुरालीजन ने उन्हें इस कदर मानसिक परेशान कर दिया कि उन्हें यह कदम उठाना पड़ रहा है। उनके दोस्त ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने कुछ देर बाद मृत घोषित कर दिया। परिजन ने बताया कि वह दिल्ली के नरेला क्षेत्र से भाजपा से पार्षद का चुनाव लड़े थे।
'हाथ-पैर तोड़ देते लेकिन जान नहीं लेनी चाहिए थी', पत्नी का दर्द; मनीष को 20 मिनट तक पीटते रहे 15 हमलावर
महाराजगंज

**आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत थे विनोद**
मूलरूप से कन्नौज के थाना तालिग्राम के नेपालपुर गांव निवासी विनोद कुमार मिश्रा आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत थे और पत्नी अनीता, बच्चे पीहू, कार्तिक और अटल के साथ नरेला




क्षेत्र में रहते थे। चाचा आरके मिश्रा ने बताया कि भतीजा नरेला से ही भाजपा से पार्षद चुनाव लड़ चुका था।

**शादी में जाने की बात कह पत्नी ने छोड़ा था घर**
बताया कि करीब एक माह से भतीजा विनोद पत्नी से पारिवारिक कलह के चलते तनाव में था। आरोप है कि उसकी पत्नी अनीता दो अप्रैल को एक शादी समारोह में जाने की बात कहकर बर्रा स्थित विश्व बैंक मायके आ गईं और इसके बाद वापस नहीं लौटीं। विनोद लगातार पत्नी को वापस आने के लिए कह रहे थे, लेकिन वह साथ जाने को कतई तैयार ही नहीं थी। ससुरालीजन भी अनीता का साथ देकर भड़काने लगे। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद और बढ़ गया।

**विनोद ने वॉइस रिकॉर्डिंग दोस्त को भेजी**
चाचा का आरोप है कि 26 अप्रैल को विनोद पत्नी को लेने ससुराल पहुंचे, लेकिन ससुरालीजनों ने उन्हें मिलने नहीं दिया। इस पर उन्होंने बर्रा थाने में शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया लेकिन पत्नी थाने नहीं आई। इसके बाद बुधवार को विनोद अपने दोस्त मनीष के साथ अयोध्या दर्शन करने चले गए। गुरुवार को वहां से लौटने के बाद उन्होंने पत्नी को कॉल कर ससुराल आने की बात कहकर प्रसाद देने को कहा। आरोप है इस पर पत्नी ने घर से निकलने से साफ मना कर दिया। उनके पहुंचने पर दोनों में विवाद हुआ तो विनोद ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इस दौरान उन्होंने एक वॉइस रिकॉर्डिंग बनाई और अपने दोस्त और परिजन को भेज दी। गांव से पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मायके पक्ष ने पत्नी और ससुरालीजन पर साजिश और प्रताड़ना का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है।
बर्रा इंस्पेक्टर रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि वॉइस रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है। परिजन की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

**नौ मिनट की वॉइस रिकार्डिंग में योगी से मांगा न्याय....**
मैं सब को बताना चाहता हूं कि मैं मरना नहीं चाहता था....लेकिन मेरे ससुराल वालों ने मुझे मारने की पूरी प्लानिंग कर ली थी। उन्होंने ऐसी योजना बनाई थी कि मैं खुद सुसाइड कर लूं। मेरे घर परिवार के लोगों को बर्बाद करने की कसम खा ली थी। इसमें जो शामिल लोग हैं, उसमें पत्नी और ससुरालीजन हैं। मैं अपनी जिंदगी बहुत अच्छे से जी रहा था।

## नर्स ने डॉक्टर पर यौन उत्पीड़न का लगाया आरोप, एफआईआर

**पीडिता ने सीएम, पीएम से न्याय की किया मांग**

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के सिटी जोन के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल में कार्यरत रही नर्स ने अस्पताल के डॉक्टर पर यौन उत्पीड़न का सनसनीखेज आरोप आज लगाया है। 29 वर्षीय पीड़ित नर्स ने डॉ मनीष केशरी व एक अन्य अज्ञात के खिलाफ छेड़छाड़ और जबरदस्ती का आरोप लगाते हुए सिविल लाइंस थाने में बीएनएस की धारा-127(2) और 76 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।
पीड़िता के मुताबिक नौकरी देने के बाद डॉक्टर ने छेड़छाड़ और जबरदस्ती की कोशिश की थी।
इस घटना के बाद पीड़िता काफी डरी हुई है उसने नौकरी भी छोड़ दी है। पीड़िता ने शासन और प्रशासन से सुरक्षा दिए जाने की गुहार लगाई है। पीडिता के पिता का आरोप है कि आरोपी डॉक्टर बेटी से मुकदमा वापस लेने के लिए भी लगातार डराया धमकाया जा रहा है। पीड़िता के मुताबिक उसके पास कोई नौकरी नहीं है जिससे उसे आर्थिक तौर भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और पीएम नरेन्द्र मोदी से भी न्याय की गुहार लगाई है।
पीड़िता के मुताबिक आरोपी डॉक्टर मनीष केसरी 20 मार्च को उसे अस्पताल से बुलाकर कार में बैठाया और संगम क्षेत्र में ले जाकर छेड़छाड़ की कोशिश की। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया और रोने लगी तो उसे अस्पताल के बाहर छोड़ दिया और गलती मानते हुए कहा कि ऐसा दोबारा नहीं होगा। लेकिन इसके बाद 26 मार्च को अस्पताल में ही ऑपरेशन थिएटर के अंदर ले जाकर डाक्टर ने नशे में धुत एक अन्य व्यक्ति के साथ उससे छेड़छाड़ की। पीड़िता के मुताबिक डॉक्टर ने नौकरी देने के बहाने खुश करने का दबाव बनाया। जिसके चलते पीड़िता ने 29 मार्च को नौकरी छोड़ दी। पीड़िता के मुताबिक उसने इस मामले की शिकायत अस्पताल के दो निदेशकों से भी की थी। लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने पर उसने 17 अप्रैल को सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है।
हम आपको बता दें कि आरोपी चिकित्सक डॉ मनीष केशरी को 18 अप्रैल को ही अस्पताल से निकाला जा चुका है।

## स्वदेश सेवा संस्थान में मेधावियों का सम्मान, दानिश इकबाल समेत कई गणमान्य रहे मौजूद

**शिक्षा और प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को किया गया प्रोत्साहित**

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** सचिन सिंह द्वारा संचालित स्वदेश सेवा संस्थान में आज मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य अतिथियों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।
कार्यक्रम में फिल्म धुरंधर 2 में दाऊद इब्राहिम की भूमिका निभाने वाले जाने-माने अभिनेता दानिश इकबाल मुख्य आकर्षण रहे। उनके साथ सीडीए पेंशन के अधिकारी एवं समाजसेवी अभिषेक मिश्र, नायब तहसीलदार आनंद राज सिंह, डॉ कविता अग्रवाल, रुचिन सर, दिनेश जी, बिग एफएम के आर जे निवेश और अधिवक्ता शशांक मिश्रा ने भी मेधावियों को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रवक्ता आशीष गुप्ता, समीक्षा अधिकारी संजय कुमार और संजीव कुमार समेत अन्य लोग भी उपस्थित रहे।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दानिश इकबाल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश दिया।
कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

## महिलाओं/बालिकाओं को पम्पलेट वितरित किये गये व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में दी जानकारी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज ।** पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त नगर व अपर पुलिस उपायुक्त नगर के कुशल पर्यवेक्षण में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 द्वितीय चरण" के तहत नगर जोन के थाना शिवकुटी में गठित एंटीरोमियों स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत



सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक करते हुए गुड-टच, बैड-टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन- वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा- यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस-108, साइबर क्राइम-1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र, एण्टी-रोमियो स्क्वाड व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया ।

## भाजपा गंगापार जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्य योजना की बैठक सम्पन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी गंगापार की जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्ययोजना को लेकर जिला कार्यसमिति की एक बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र महामंत्री संतोष पटेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी उत्तर मौर्या तथा प्रवासी हौसला प्रसाद पाठक मौजूद रहे बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान तथा संचालन जिला महामंत्री संतोष शुक्ला ने किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर वंदे मातरम के साथ बैठक की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि संतोष पटेल ने




कहा कि भाजपा अपने कार्यकताओं को मंडल जिला व प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षण देने का काम कर रही है 16 और 17 मई को गंगापार जिले का प्रशिक्षण वर्ग चलाया जाएगा जिसमें जिले के सभी पदाधिकारी और कार्य समिति सदस्य को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है जो कार्यकर्ता मंडल स्तर पर प्रशिक्षण में नहीं आ पाए हैं उनकी सूची बनाकर उनका भी प्रशिक्षण कराना है कोई भी कार्यकर्ता प्रशिक्षण से बचना नहीं चाहिए।
जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी,महेश पांडेय,तुलसीराम सरोज, अमरजीत कुशवाहा, ईश्वर चंद्र बिंद, देवेन्द्र गिरी,विमलेश पटेल,प्रभाकर दुबे, दीपक परासर, कुलदीप सोनी, जिला मंत्री सुशील त्रिपाठी, मृगेंद्र सिंह, राजू पाल,आशीष भारतीय,प्रकाश त्रिपाठी, महेंद्र तिवारी, जगदीश पटेल, विजय पटेल, श्याम सुंदर दुबे, राम पलट पटेल,आत्मधर दुबे, राजेन्द्र मिश्रा, प्रभा शंकर मिश्रा, पवन प्रकाश गुप्ता, प्रशांत सिंह,आरती अग्रवाल, लता विश्वकर्मा, नीलम गिरी, संगीता पटेल आदि मौजूद रहीं।

## कड़ी मेहनत,पक्का इरादा हो तो सफलता तय है : अजय कुमार

**लक्ष्य तय करें सफलता अवश्य मिलेगी : अंकित सिंह**

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र खरकौनी, नैनी के पूर्व छात्र अंकित सिंह को सीजीएल में सफलता मिलने पर विद्यालय परिवार ने आज सम्मानित किया।अंकित कुमार सिंह का चयन सीजीएल के माध्यम से वित्त मंत्रालय के अधीन केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) में इंस्पेक्टर (प्रिवेंटिव ऑफिसर) पर हुआ है। खास बात यह है कि अंकित सिंह को यह 15वीं सरकारी नौकरी मिली है। इसके पूर्व अंकित सिंह यूपी पुलिस विभाग के दरोगा से सरकारी नौकरी का सफर शुरू किया था जिनका बाद में चयन स्टेशन मास्टर, टीसी, सीनियर टीसी, लेखपाल, सेक्रेटरी, एमएसजी हवलदार, टीए इन्कम टैक्स, टीए सेल्सटैक्स



जैसी नौकरियों के बाद सीजीएल के प्रतिष्ठित पद प्रिवेंटिव ऑफिसर पर चयन हुआ है। अंकित सिंह की इस सफलता से विद्यालय परिवार अत्यंत प्रसन्न है। अंकित सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य तय करें तो सफलता अवश्य मिलेगी और कभी भी किसी भी परिस्थिति में हार ना माने और अनवरत प्रयास जारी रखे।
विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने अंकित सिंह को अंग वस्त्र देखकर ,माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक राधेश्याम तिवारी, संजय मिश्रा, विजय कुमार सिंह, राजकुमार पाल, अखिलेश कुशवाहा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। अंकित सिंह को बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने कहा कि कड़ी मेहनत और पक्का इरादा हो तो व्यक्ति चाहे जो हासिल कर सकता है। अंकित सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा गुरुजनों का आशीर्वाद को दिया है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर हवन, यज्ञ भंडारा संपन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** शिव दरबार शनि देव धाम सिद्धपीठ शनिदेव मंदिर शिवरतन का पुरवा बिजलीपुर में पावन मास बैसाख बुद्ध पूर्णिमा पर महाशिवरात्रि से वैशाख बुद्ध पूर्णिमा तक चल रहे व्रत अनुष्ठान हवन यज्ञ भंडारा महाप्रसाद के साथ संपन्न हुआ। शिव दरबार शनि देव धाम पर यज्ञ अनुष्ठान निरंतर चलता ही रहता है। सावन मास के महीना में पूरे महीना तक एक महीना ओम नमः शिवाय का अखंड संकीर्तन प्रतिदिन और भंडारा होता है। प्रत्येक शनिवार को हवन यज्ञ हनुमान चालीसा पाठ सुंदरकांड पाठ संपन्न करते ही खिचड़ी लड्डू का महाप्रसाद वितरित किया जाता है। संजय तिवारी जिला अध्यक्ष गंगापार प्रयागराज अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद अध्यक्ष शिव दरबार शनिदेव धाम द्वारा



बताया गया कि मनोज तिवारी गंगा भक्त द्वारा तीन माह का अनुरोध अनुष्ठान व्रत के साथ होने यज्ञ भंडारा करते हुए संपन्न किया। विगत कई वर्षों से यह व्रत अनुष्ठान, महा भंडारा का कार्य संपन्न होता चला आ रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित सोनू मिश्रा, पंडित धर्म नारायण तिवारी, पंडित अवधेश चंद मिश्रा, पंडित आनंदी प्रसाद मिश्रा, मनोज तिवारी, संजय तिवारी, जिलाध्यक्ष गंगापार प्रयागराज अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद अध्यक्ष शिव दरबार शनि देव धाम अनिल तिवारी जितेंद्र तिवारी कुलदीप तिवारी हर्षित तिवारी शिवदीप तिवारी अक्षय दीप तिवारी प्रिंस तिवारी विजय यादव आदि भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संजय तिवारी अध्यक्ष शिव दरबार शनिदेव धाम प्रयागराज द्वारा बताया गया कि शनि देव धाम पर दूर-दूर से श्रद्धालु भक्तगण दर्शन करने को आते रहते हैं। यहां पर देव वृक्ष पारिजात का भी दर्शन होता है। शनि देव महाराज, खाटू श्याम, श्री लक्ष्मी नारायन काल भैरव सरकार का दर्शन होता है। देव वृक्ष के क्रम में पारस पीपल का दर्शन होता है रुद्राक्ष वृक्ष का दर्शन होता है दुर्लभ दुर्लभ वर्षों का दर्शन होता है श्रद्धालु शनि देव धाम पर पहुंचकर आशीर्वाद ग्रहण कर अपनी अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं आशीर्वाद ग्रहण करते हैं मनवांछित फल प्राप्त करते हैं।

## विधायक दीपक पटेल ने हर्ष वाजपेई और पीयूष रंजन निषाद के साथ की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** गुरुवार की देर शाम फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने विधायक शहर उत्तरी हर्ष वर्धन वाजपेई और विधायक करछना



पीयूष रंजन निषाद के साथ लखनऊ में मुख्य मंत्री कार्यालय में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कई राजनीतिक विषय पर चर्चा हुई और आगामी कार्ययोजनाओं पर भी बात हुई। विधायक फूलपुर दीपक पटेल के मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी ने यह जानकारी दी है।

## विद्यालय को संचालित करने में श्रमिक वर्ग विशेष योगदान : अल्पना डे

**महर्षि पतंजलि विद्या मन्दिर में मनाया गया श्रमिक दिवस**

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में आज महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर विद्यालय में श्रमिक दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया।




इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनके माध्यम से श्रमिकों के योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। प्रातः कालीन सभा में कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने श्रमिक दिवस पर विद्यालय के श्रमिकों के प्रति अपने आभार को कविताओं एवं सुविचारों के माध्यम से प्रकट किया।
कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के क्वायर ग्रुप के छात्रों द्वारा प्रस्तुत गीत 'मिलते रहे कदमों से कदम" से हुई, जिसने सभी में एकता और सहयोग की भावना जागृत की।
इसके पश्चात कक्षा 7'ई'की छात्रा अनिका और कक्षा 8'ए' के छात्र अभिलाष द्वारा कविता "जिंदगी को वह गढ़ेंगे जो शिलाएं तोड़ते हैं" का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसने श्रमिकों के परिश्रम और संघर्ष को उजागर किया।
कार्यक्रम की अगली कडी. में कक्षा10 'ए' की छात्रा अनन्या द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें श्रमिकों के महत्व और उनके द्वारा किए कार्यो की सराहना और उनकेअधिकारों पर प्रकाश डाला गया। रचनात्मक गतिविधियों में कक्षा 6 के छात्रों ने श्रमिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुंदर ग्रेटिट्यूड कार्ड बनाए। कक्षा 7 के छात्रों ने श्रमिकों के सम्मान में प्रभावशाली स्लोगन लिखे, वहीं कक्षा 8 के छात्रों ने आकर्षक पेपर फ्लावर बुकेट तैयार किए। विद्यालय के छात्रों द्वारा चतुर्थ श्रेणी के सदस्यों को तिलक लगाकर पुष्प गुच्छों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्पना डे ने विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी के सभी सदस्यों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने में हमारे श्रमिक वर्गों का बहुत योगदान है। अतः हम सभी को उनके प्रति आदर सम्मान का भाव रखना हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

## प्रयागराज के वरिष्ठ पत्रकार शिवाशंकर पाण्डेय वाराणसी में होंगे सम्मानित

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** वरिष्ठ पत्रकार शिवा शंकर पाण्डेय को पत्रकारिता क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि के लिए वाराणसी में तीन मई को सम्मानित किया जाएगा। विश्व संवाद केंद्र काशी, समाज शास्त्र विभाग और महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी की तरफ से "आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पत्रकार चयन समिति ने



प्रयागराज से उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए श्री पाण्डेय को चयनित किया है। श्री पाण्डेय करीब पैंतीस साल के पत्रकारीय जीवन में देश के बड़े मीडिया संस्थानों में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। इसके अलावा कई प्रतिष्ठित पत्र पत्रिकाओं में कहानियां, रिपोर्ताज, व्यंग्य, फीचर लेख छपते रहे हैं। गांव की ओर, पथिक की डायरी, मीडिया वॉच, निठल्ले की डायरी जैसे रेगुलर कॉलम काफी चर्चित रहे हैं। विश्व संवाद केंद्र वाराणसी से मिली जानकारी के अनुसार, संगोष्ठी और पत्रकार सम्मान समारोह 3 मई को शाम 4 बजे गांधी अध्ययनपीठ सभागार, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी करेंगे। मुख्य अतिथि श्री जितेंद्र कुमार तिवारी संपादक हिन्दुस्थान समाचार एजेंसी नई दिल्ली होंगे।

## श्रमवीर गौरव सम्मान समारोह में सम्मानित किए गए कोरांव के 'लाल' हर्षित

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित श्रमवीर गौरव समारोह 2026 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अटल आवासीय विद्यालय, बेलहट, कोराव, प्रयागराज में



अध्यनरत छात्र हर्षित को सीबीएसई हाई स्कूल की परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने तथा प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। साथ ही अटल आवासीय विद्यालय, प्रयागराज के प्रधानाचार्य को शत प्रतिशत सफलता परीक्षा फल एवं प्रदेश के सभी अटल आवासीय विद्यालयों में हाई स्कूल परीक्षा में औसत प्राप्तांक सबसे अधिक प्राप्त करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# आरपी डब्ल्यू वारियर ने किया ट्राफी पर कब्जा

**वरिष्ठ समाजसेवी राजीव मिश्र ने खिलाडियों को किया प्रोत्साहित, पुरस्कार वितरण**

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** प्रयागराज फार्मा लीग प्रयागराज सीजन चार का फाइनल मैच आज दौलत हुसैन इण्टर कालेज खुल्दाबाद के मैदान पर हुआ जिसमें आरपी डब्ल्यू (राजरूपपुर वारियर) ने बाजी मार लिया।आरपी डब्ल्यू ने सीएनएस स्टार को रोमांचक मुकाबले में पांच रनों से हरा दिया।आरपी डब्ल्यू ने पहले खेलते हुए 15 ओवर में 186 रन बनाया जबकि सीएनएस स्टार ने खेलते हुए अंतिम ओवर में आल आउट हो गये। इस प्रकार आरपी डब्ल्यू रोमांचक मुकाबले में पांच रनो से जीत लिया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी राजीव कुमार मिश्र ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।
उन्होंने खिलाडियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ समाजसेवी राजीव कुमार मिश्र ने फाइनल मुकाबले में खिलाडियों को प्रति छक्का मारने पर 500 रुपये दिए। इस प्रकार फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाडियों ने कुल 28 छक्के लगाये। प्रतियोगिता में मैन आफ




द मैच वेद सिन्हा को पुरस्कार मिला। वेद ने 35 बाल पर 82 रन बनाया जिसमें चार चौक और नौ छक्के लगाया। मैन आफ द सिरीज आशुतोष द्विवेदी, वेस्ट बालर हरीलाल साहू को पुरस्कार मिला।प्रयागराज फार्मा लीग प्रयागराज के आयोजन समिति के पंकज दीक्षित और नीरज पाण्डेय ने बताया कि यह सीजन चार का फाइनल मैच था। इसका शुभारम्भ आठ फरवरी से हुआ था जिसमें नौ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में राजरूपपुर वारियर ने मैच जीत लिया। फाइनल विजेता टीम को ट्राफी और 21 हजार रुपए नकद और उप विजेता टीम को ट्राफी और 15 हजार रुपए नकद पुरस्कार मिला। फाइनल मैच के दोनों टीमों के खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।
प्रयागराज फार्मा लीग प्रयागराज के आयोजन समिति के पंकज दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन को और बेहतर बनाया जा रहा है जिससे कि अगले वर्ष से प्रदेश के और जिलों की टीम प्रतियोगिता में शामिल हो सके। उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता दवा कंपनी के एमआर के बीच होती है।

## संपादकीय

# दया, करुणा और मानवता के पक्षधर महात्मा बुद्ध

इस धरा पर समय समय पर महान आत्मा अवतरित होती रही है।जो देश और समाज को नई दिशा देकर दया, करुणा,ममता,प्रेम,भक्ति,मानवता, शांति के रास्ते पर राह भटके लोगो को चलाती रही है। ऐसी ही एक विभूति ने 563 ईसापूर्व वैशाख मास की पूर्णिमा को लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच एक राजकुमार के रूप में उस समय जन्म लिया, जब उनकी मां कपिलवस्तु की महारानी महामाया देवी अपने पीहर देवदह जा रही थी और रास्ते में ही उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी। इस राजकुमार का नाम रखा गया सिद्धार्थ, जो आगे चल कर महात्मा बुद्ध के नाम से विख्यात हुए। महात्मा बुद्ध का जीवन दर्शन और उनके विचार आज ढाई हजार से अधिक वर्षों के बेहद लंबे अंतराल बाद भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके प्रेरणादायक जीवन दर्शन का जनजीवन पर अमिट प्रभाव रहा है। हिन्दू धर्म में जो अमूल्य स्थान चार वेदों का है, वही स्थान बौद्ध धर्म में पिटकों का है। महात्मा बुद्ध स्वयं अपने हाथ से कुछ नहीं लिखते थे बल्कि उनके शिष्यों ने ही उनके उपदेशों को कंठस्थ कर बाद में उन्हें लिखा और लिखकर उन उपदेशों को वे पेटियों में रखते जाते थे, इसीलिए इनका नाम पिटक पड़ा, जो तीन प्रकार के हैः- विनय पिटक, सुत्त पिटक तथा अभिधम्म पिटक।बुद्ध का कथन है ,कल्याण की भावना तथा प्राणीमात्र के प्रति दयाभाव का साक्षात्कार होता है। बुद्ध के हृदय में बाल्यकाल से ही चराचर जगत में विद्यमान प्रत्येक प्राणी में प्रति करूणा कूट-कूटकर भरी थी। मनुष्य हो या कोई जीव-जंतु, किसी का भी दुख उनसे देखा नहीं जाता था। एक बार की बात है, जंगल में भ्रमण करते समय उन्हें किसी शिकारी के तीर से घायल एक हंस मिला। उन्होंने उसके शरीर से तीर निकालकर उसे थोड़ा पानी पिलाया। तभी उनका चचेरा भाई देवदत्त वहां आ पहुंचा और कहा कि यह मेरा शिकार है, इसे मुझे सौंप दो। इस पर राजकुमार सिद्धार्थ ने कहा कि इसे मैंने बचाया है जबकि तुम तो इसकी हत्या कर रहे थे, इसलिए तुम्हीं बताओ कि इस पर मारने वाले का अधिकार होना चाहिए या बचाने वाले का। निश्चित ही बचाने वाले का अधिकार है।यही न्याय उनके पिताजी ने उनके साथ किया।

बुद्ध की सोच थी कि जो व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति से ईर्ष्या करता है, उससे वैर भाव रखता है, किसी पर बेवजह क्रोध करता है, निरीह प्राणियों पर अत्याचार या उनकी हत्या करता है, वही व्यक्ति नीच होता है। जब कोई किसी पर चिल्लाता है या उसे अपशब्द कहता है अथवा उसे नीच कहता है तो ऐसा करने वाला व्यक्ति ही वास्तव में नीचता पर उतारू होता है क्योंकि असभ्य व्यवहार ही नीचता का प्रतीक है। जो व्यक्ति किसी का कुछ लेकर उसे वापस नहीं लौटाता, ऋण लेकर लौटाते समय झगड़ा या बेईमानी करता है, राह चलते लोगों के साथ मारपीट कर लूटपाट करता है, जो माता-पिता या बड़ों का आदर-सम्मान नहीं करता और समर्थ होते हुए भी माता-पिता की सेवा नहीं करता बल्कि उनका अपमान करता है, वही व्यक्ति नीच होता है। जाति या धर्म निम्न या उच्च नहीं होते और न ही जन्म से कोई व्यक्ति उच्च या निम्न होता है बल्कि अपने विचारों, कर्म तथा स्वभाव से ही व्यक्ति निम्न या उच्च बनता है। मध्य बिहार के धार्मिक तीर्थ स्थल गया से लगभग 10 किमी दूर वह पवित्र स्थान है जहां महात्मा बुद्ध को आध्यत्म का बोध हुआ और उन्होंने संसार से विरक्त होकर ईश्वरीय ज्ञान की अलख जगाई ,साथ ही दुनिया मे शांति व सदभाव की स्थापना के लिए उन्होंने साधना की। सिद्धार्थ अर्थात गौतम का संसार की मोह माया को त्यागकर महात्मा बुद्ध में परिवर्तित होना और अपना संपूर्ण जीवन धर्म के असली अर्थ को जानकर बोध की अवस्था को प्राप्त करना एक चमत्कार ही है, जिसका संदेश सारे विश्व में गया है। बौद्ध धर्म को स्थापित करने वाले सिद्धार्थ अर्थात गौतम बुद्ध को बिहार की भूमि पर ही बोध की प्राप्ति हुई थी।

## श्रममेय जयते ! का यशोगान

हेमेन्द्र क्षीरसागर

हां ! मैं हूं मजदूर, मजदूर ही रहूंगा और मजदूर ही मरूंगा यह करुणा आज भी झंझोर कर शर्मसार करती है। ग्लानि इस मर्ज का मर्म आखिर क्यों नहीं ढूंढ पाए। समझ से परे है। साधन, संसाधन और संपन्नता में कोई कमी नहीं है। फिर मजदूरों का ये हाल कैसा? क्यों हमारा श्रम रोटी- कपडा- मकान और कमाई- पढाई- दवाई की झंझावात में उलझता है? क्या मजदूर जैसा पैदा होता है वैसा ही मर जाए? हरगिज भी नहीं! मजदूरों को उनका वाजिब हक और अधिकार मिलना चाहिए, जिसके वह सच्चे हकदार हैं। अभिलाषा, समृद्ध श्रम नीति सुदृढ़ राष्ट्र क्रांति का अनुष्ठान करेगी। कर्मवीरता में राष्ट्र का विकास और जन-जन का कल्याण निहित है। आईए, हम सब मिलकर मैं मजदूर हूं, मैं मजबूत हूं के श्रमोमय से राष्ट्रोदय की ओर आगे बढ़े।

**मजदूर आज मजबूर**

अगर हम बात करें तो मानव शक्ति, दिमागी कार्य, शारीरिक बल और प्रयास करने वाला। काम को मेहनत के द्वारा अपनी श्रम शक्ति को बेचें, उसी का नाम मजदूर है। मजदूर ही देश के विकास की रीड की हड्डी। मजदूर के पसीने से मूल्क लहलहाता है। सही मायनों में कहे तो मजदूर ही भाग्य विधाता है। अलबत्ता भाग्य विधाता ही अपने भाग्य को खोज रहा है? मजदूर आज मजबूर बनकर कर्मपथ पर चलकर श्रम लथपथ हो रहा है। इसके कारण और कारक किसे माने सरकारें, नियत, नीति, नेतृत्व, लालफीताशाही या अफसरशाही को। जो खोजे नहीं मिल रहा है। मिल जाता तो हमारे श्रमवीरों की हालतें ऐसी नहीं होती। बावजूद खोज खबर लेने की फ्रिक किसी को नहीं है?

**कल्याण का अनुष्ठान**

दौर में 1 मई अर्थात मई दिवस, जिसे श्रमिक दिवस या अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस भी कहा जाता है, वह दिन है जो श्रमिकों और श्रमिक आंदोलन द्वारा किए गए संघर्षों और उपलब्धियों को याद करता है। इंकलाब जिंदाबाद!

# बुद्ध की अहिंसा और करूणा से ही दुनिया में शांति

**डॉ. लोकेश कुमार चन्देल**



महात्मा गांधी, भगवान बुद्ध को एक महान सुधारक और अहिंसा का सर्वोच्च अवतार मानते थे। वे बुद्ध को हिंदू धर्म का ही हिस्सा (एक महान हिंदू) मानते थे, जिन्होंने धर्म को अंधविश्वासों से मुक्त कर उसे पुनर्जीवित किया। गांधीजी ने बुद्ध को सत्य का खोजी और प्रकाशित पुरुष कहा और स्वीकार किया कि वे बुद्ध के जीवन से बहुत प्रभावित हैं। वैशाख पूर्णिमा या वैशाख को ही बुद्ध पूर्णिमा कहा जाता है। इस दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। वैशाख पूर्णिमा को ही ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे वैशाख पूर्णिमा को ही महापरिनिर्वाण (मृत्यु) हुए थे। इसलिए वैशाख पूर्णिमा को ही त्रिविध पावन दिवस भी कहा जाता है। बुद्ध के जीवन की ये तीनों महत्वपूर्ण घटनाएं वैशाख पूर्णिमा को हुई थी। यह शांति, अहिंसा और करुणा का प्रतीक माना गया है। वे अपने अनुयायियों को कहा करते थे कि उन्हें या उनकी शिक्षाओं को आंख बंद करके नहीं मानें बल्कि स्वयं परखें और अनुभव करें। वे कहते थे कि स्वयं के प्रति जागरूक रहें अप्प दीपो भव का अर्थ है कि हर व्यक्ति को अपनी अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए और अपने विचारों व कर्मों का मालिक खुद बनना चाहिए। वे किसी और पर या खुद बुद्ध पर निर्भर रहने के बजाए अपने ज्ञान और आचरण से अपने जीवन का मार्ग खुद रोशन करें।

वे अपने प्रगतिशील शिक्षाओं के कारण आज विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। इस दिन अनुयायी बौद्ध मंदिरों में जाकर पूजा करते हैं, बुद्ध की प्रतिमा पर फूल चढ़ाते हैं, मोमबत्तियां (दीपक) जलाते हैं और दान पुण्य करते हैं। वे आमतौर पर सफेद कपड़े पहनते हैं और अष्टांग मार्ग के अनुसार जीवन जीने का संकल्प लेते हैं। यह दिन बुद्ध के शांति, करुणा, मध्यम मार्ग और प्रेम के उपदेशों को याद करने और उन्हें जीवन में अपनाने के लिए मनाया जाता है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए यह सबसे पवित्र दिन है, वहीं कई हिंदू मान्यताएं बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार मानकर इस दिन उनकी पूजा करते हैं।

महात्मा बुद्ध मनुष्य जीवन में शांति, अहिंसा, करुणा और सत्य पर जोर देते हुए कहते थे कि दुखों से मुक्ति के लिए चार आर्य सत्य (जीवन दुखमय है, कारण तृष्णा है, निवारण संभव है, मार्ग अष्टांगिक है) और मध्यम मार्ग (अत्यधिक भोग और तपस्या के बीच का रास्ता) अपनाने की शिक्षा दी, जो वर्तमान में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। वे कहा करते थे कि अतीत की यादों और भविष्य के सपनों में उलझने के बजाय, वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित रखकर अपना जीवन यापन करना चाहिए। उनका मनाना था कि सुख-दुख हमारे मन की अवस्था है, जिसने अपने मन को जीत लिया, उसने संसार को जीत लिया। घृणा से घृणा कभी खत्म नहीं होती, उसे केवल प्रेम से ही जीता जा सकता है। वे हमेशा कहते थे कि सभी जीवों के प्रति दया भाव रखना और सत्य के मार्ग पर चलना परम धर्म है। संसार में कुछ भी स्थाई नहीं है इसलिए बदलाव को स्वीकार करना ही शांति लाता है।

उनका जन्म लुंबिनी में 563 ईसा पूर्व अनार्य शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर हुआ था। उनकी मां का नाम महामाया था, जो कोलीय वंश से थीं, उनका निधन बुद्ध के जन्म के सात दिन बाद हुआ, उनका पालन महारानी की छोटी सगी बहन महाप्रजापति गौतमी ने किया। सिद्धार्थ का मन बचपन से ही करुणा और दया का स्त्रोत था। इसका परिचय उनके आरंभिक जीवन की अनेक घटनाओं में मिलता है। जिसमें वे घुड़दौड़ में जब घोड़े दौड़ते और उनके मुंह से झाग निकलने लगता तो सिद्धार्थ उन्हें थका जानकर वहीं रोक देता और जीती हुई बाजी हार जाता। खेल में भी सिद्धार्थ को खुद हार जाना पसंद था क्योंकि किसी को हराना और किसी का दुःखी होना उससे नहीं देखा जाता था। सिद्धार्थ ने चचेरे भाई देवदत्त के तीर से घायल कर हंस की सहायता की ओर उसके प्राणों की रक्षा की। 29 साल की आयु में सिद्धार्थ नवजात शिशु राहुल और धर्मपत्नी यशोधरा को त्याग कर संसार को जन्म- मरण, दुखों से मुक्ति दिलाने के मार्ग एवं सत्य दिव्य ज्ञान की खोज में रात्रि में राजपाठ का मोह त्यागकर वन की ओर चले गए। इस ऐतिहासिक घटना को बौद्ध धर्म में महाभिनिष्क्रमण कहा जाता है।

सिद्धार्थ ने पहले तो केवल तिल-चावल खाकर तपस्या प्रारंभ की, इसके बाद उन्होंने आहार लेना बंद कर दिया। शरीर सूख गया। उनके छह साल बीत गए तपस्या करते हुए लेकिन वे सफल नहीं हुए। एक दिन कुछ स्त्रियां किसी नगर से लौटती हुई, वहां से निकलीं, जहां सिद्धार्थ तपस्या कर रहे थे। उनका एक गीत सिद्धार्थ के कान में पड़े- वीणा के तारों को ढीला मत छोड़ो, ढीला छोड़ देने से उनका सुरीला स्वर नहीं निकलेगा। पर तारों को इतना भी कसो भी मत कि वे टूट जाएं। बात सिद्धार्थ को जंच गई। वे मान गए कि नियमित आहार-विहार से ही योग सिद्ध होता है। अति किसी बात की अच्छी नहीं। किसी भी प्राप्ति के लिए मध्यम मार्ग ही ठीक होता है और इसके लिए कठोर तपस्या करनी पड़ती है। बुद्ध के प्रथम गुरु आलार कलाम थे, जिनसे उन्होंने संन्यास काल में शिक्षा प्राप्त की।

35 वर्ष की आयु में वैशाखी पूर्णिमा के दिन ही सिद्धार्थ पीपल वृक्ष के नीचे ध्यान लगाए हुए थे। बुद्ध ने बोधगया में निरंजना नदी के तट पर कठोर तपस्या की। समीपवर्ती गांव की एक स्त्री सुजाता को पुत्र हुआ। वह बेटे के लिए एक पीपल वृक्ष से मन्नत पूरी करने के लिए सोने के थाल में गाय के दूध की खीर भरकर पहुंची। सिद्धार्थ वहां बैठे ध्यान कर रहे थे। उसे लगा कि वृक्ष देवता ही मानो पूजा करने के लिए शरीर धरकर बैठे हैं। सुजाता ने बड़े आदर से सिद्धार्थ को खीर भेंट की और कहा- जैसे मेरी मनोकामना पूरी हुई, उसी तरह आपकी भी हो। उसी रात को ध्यान लगाने पर सिद्धार्थ की साधना सफल हुई। उसे सच्चा बोध हुआ। तभी से सिद्धार्थ बुद्ध कहलाए। जिस पीपल वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ को बोध मिला वह बोधिवृक्ष कहलाया और गया का समीपवर्ती वह स्थान बोधगया।

**धर्म-चक्र-प्रवर्तनः-**

वे अपने धर्म का संस्कृत के बजाय उस समय की सीधी सरल लोकभाषा पाली में प्रचार करते रहे। उनके सीधे सरल धर्म की लोकप्रियता तेजी से बढ़ने लगी। चार सप्ताह तक बोधिवृक्ष के नीचे रहकर धर्म के स्वरूप का चिंतन करने के बाद बुद्ध धर्म का उपदेश देने निकल पड़े। आषाढ़ की पूर्णिमा को वे काशी के पास मृगदाव (वर्तमान में सारनाथ) पहुंचे। वहीं पर उन्होंने सर्वप्रथम धर्मोपदेश दिया और प्रथम पांच मित्रों को अपना अनुयायी बनाया और फिर उन्हें धर्म प्रचार करने के लिए भेज दिया। महाप्रजापति गौतमी (बुद्ध की विमाता) को सर्वप्रथम बौद्ध संघ मे प्रवेश मिला। आनंद, बुद्ध का प्रिय शिष्य था। बुद्ध आनंद को ही संबोधित करके अपने उपदेश देते थे।

**महापरिनिर्वाणः-**

बुद्ध ने अपना आखिरी भोजन, जिसे उन्होंने कुन्डा नामक एक व्यक्ति से भेंट रूप में प्राप्त किया था, जिसके कारण वे गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। बुद्ध ने अपने शिष्य आनंद को निर्देश दिया कि वह कुन्डा को समझाए कि उसने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने कहा कि यह भोजन अतुल्य है।

**बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग :** दुखों से मुक्ति और निर्वाण (ज्ञान) प्राप्ति का मार्ग है, जिसे मध्यम मार्ग भी कहते हैं। ये आठ सिद्धांतकृसही दृष्टि, संकल्प, वाणी, कर्म, आजीविका, प्रयास, स्मृति, और एकाग्रताकृनैतिक आचरण (शील), मानसिक अनुशासन (समाधि) और प्रज्ञा (ज्ञान) के माध्यम से दुखों का अंत करते हैं। बुद्ध एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर मानवता को सही राह दिखाई। भगवान बुद्ध ने अपने अंतिम समय में शिष्यों से स्वयं को दीपक बनाने के लिए कहा था, जिसे अप्प दीपो भव (अपना दीपक स्वयं बनो) के रूप में जाना जाता है। बुद्ध की अहिंसा और करूणा से विश्व में हो रहे, युद्ध से निपटा जा सकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# शोध को वास्तविक समाधानों में बदलना

**जहूर हुसैन बट, अमेरिकी दूतावास**



**जैसे-जैसे** विश्वविद्यालय उन्नत प्रौद्योगिकियों में सहयोग को गहन कर रहे हैं, शैक्षणिक साझेदारियाँ अब केवल साझा अनुसंधान परिणामों पर ही नहीं, बल्कि इस बात पर भी अधिक ध्यान केंद्रित कर रही हैं कि वे आइडिया को क्रियान्वित किए जा सकने वाले समाधानों में कितनी प्रभावी ढंग से बदलती हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) और न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के टंडन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग (एनवाईयूटी) के बीच सहयोग इस बदलाव को दशार्ता है, जो साइबर सुरक्षा, जैव प्रौद्योगिकी, आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, और वायरलेस संचार में संयुक्त अनुसंधान को एक साथ ला रहा है। एनवाईयू टंडन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के कार्यकारी डीन और वैश्विक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के कार्यकारी उपाध्यक्ष जुआन डि पाब्लो कहते हैं, हमने औपचारिक समझौते के पहले वर्ष के भीतर सात संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएँ शुरू कीं, जो इस प्रकार की साझेदारी के लिए असाधारण रूप से तेज है। आईआईटी कानपुर में एनवाईयू टंडन-आईआईटीके एडवांस्ड रिसर्च सेंटर इस सहयोग को एक स्थायी आधार प्रदान करता है और हमारा डॉक्टरल डुअल-डिग्री कार्यक्रम ऐसे शोधकताओं को प्रशिक्षित कर रहा है जिनके दोनों पक्षों से वास्तविक संस्थागत संबंध हैं। यह सहयोग साल 2016 में शुरू हुआ जब एनवाईयू टंडन साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस वीक का विस्तार भारत तक हुआ, जिसमें आईआईटी कानपुर ने प्रतियोगिता की मेजबानी की। इस प्रारंभिक जुड़ाव ने एक व्यापक, बहु-क्षेत्रीय अनुसंधान साझेदारी की नींव रखी, जिसमें महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान के लिए 2023 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह सतत सहयोग प्रतिभा, इंफ्रास्ट्रक्चर, और अनुसंधान पारिस्थितिक तंत्रों में पूरक संस्थागत ताकतों पर आधारित है। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मणिंद्र अग्रवाल कहते हैं, ऐसी साझेदारियाँ इसलिए काम करती हैं क्योंकि दोनों संस्थान अपने साथ कुछ अनूठा लेकर आते हैं। भारत में, हमारे पास इंजीनियरिंग प्रतिभा का एक विशाल भंडार है और जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में हाल के विकास ने यह प्रदर्शित किया है कि भारत वैश्विक समस्याओं के लिए कम लागत वाले समाधानों के विकास में अग्रणी है। दूसरी ओर, अमेरिकी विश्वविद्यालयों के पास अच्छी अनुसंधान इंफ्रास्ट्रक्चर और महत्वपूर्ण अनुसंधान वित्तपोषण तक पहुँच है। ताकतों में यह पूरकता ही वास्तव में आईआईटीके-एनवाईयू साझेदारी को सफल बनाती है।

डि पाब्लो भी इस भावना को दोहराते हैं, यह बताते हुए कि एनवाईयू साइबर सुरक्षा और 6जी वायरलेस में वैश्विक स्तर पर पहचान वाले केंद्र लाता है, साथ ही एक न्यूयॉर्क पारिस्थितिकी तंत्र जो वाणिज्यीकरण के लिए महत्वपूर्ण है, जबकि आईआईटीके एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी संकाय, विद्यार्थी आधार, और भारत के पैमाने पर संचालन का अनुभव प्रदान करता है।

**प्रयोगशाला अनुसंधान से वास्तविक दुनिया की प्रणालियों तक**

पूरक ताकतों पर यह ध्यान सबसे स्पष्ट रूप से उन प्रौद्योगिकियों की श्रृंखला में दिखाई देता है जिन्हें यह साझेदारी आगे बढ़ा रही है। आईआईटीके-एनवाईयू सहयोग का एक प्रमुख क्षेत्र आपूर्ति श्रृंखलाओं और जैव-चिकित्सीय अनुप्रयोगों के लिए सुरक्षित प्रमाणीकरण प्रणालियों पर केंद्रित है, विशेष रूप से भौतिक रूप से अपरिवर्तनीय सामग्रियों और बायोचिप प्रौद्योगिकियों के माध्यम से। अनुसंधान टीमों ने ऐसे फिंगरप्रिंटिंग सिस्टम विकसित किए हैं जो प्रमाणीकरण के लिए अद्वितीय पहचान चिह्न उत्पन्न करते हैं। इन पैटर्नों को मशीन लर्निंग मॉडल का उपयोग करके प्रोसेस किया जाता है ताकि शोरयुक्त परिस्थितियों में उच्च-सटीकता पहचान सक्षम हो सके।

इससे अत्यधिक सुरक्षित, कठिन-से-नकल किए जा सकने वाली पहचान प्रणालियाँ बनाना संभव हो जाता है। ये प्रणालियाँ आपूर्ति श्रृंखलाओं में नकली उत्पादों को रोकने और संवेदनशील जैव-चिकित्सीय अनुप्रयोगों में विश्वसनीय प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने में मदद कर सकती हैं। अग्रवाल के अनुसार, यह प्रणाली सटीकता और लचीलापन दोनों प्राप्त करती है। इन भौतिक विशेषताओं को डीप लर्निंग तकनीकों का उपयोग करके प्रोसेस और प्रमाणित किया जाता है, जिससे 95.8 प्रतिशत सटीकता प्राप्त होती है और विरुद्ध शोर के खिलाफ मजबूती प्रदर्शित होती है, वह बताते हैं।सुरक्षित प्रणालियों से आगे, यह सहयोग जैव-चिकित्सीय अनुसंधान तक विस्तृत है, जहाँ साझेदारी चिकित्सीय तरीकों का अन्वेषण कर रही है।

# गौतम बुद्ध के उपदेश और आज की दुनिया में उनकी प्रासंगिकता

**सुनील कुमार महला**

हर वर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि पर बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु के नौवें अवतार महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा 1 मई 2026, शुक्रवार को मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष पूर्णिमा तिथि 30 अप्रैल की रात 09 बजकर 12 मिनट से शुरू होकर 1 मई 2026 की रात 10 बजकर 52 मिनट तक प्रभावी रहेगी। उदया तिथि के अनुसार यह पर्व 1 मई को मनाया जाएगा। यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति (बोधि) और महापरिनिर्वाण-तीनों की स्मृति को समर्पित है। इस अवसर पर देश-विदेश में श्रद्धालु ध्यान, प्रार्थना, दान और अहिंसा के संदेश का पालन करते हैं। विशेषकर बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर जैसे पवित्र स्थलों पर बड़े आयोजन होते हैं। बुद्ध पूर्णिमा का पर्व हमें करुणा, शांति और मध्यम मार्ग के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा देता है, जिससे मानव जीवन में नैतिकता और सद्भाव का विकास होता है।

पाठकों को बताता चलूं कि वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा, पीपल पूर्णिमा और बुद्ध जयंती के नाम से भी जाना जाता है। ऊपर इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि यह दिन भगवान विष्णु को भी समर्पित माना जाता है, क्योंकि पुराणों के अनुसार महात्मा बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार माना गया है। स्कन्द पुराण में वैशाख मास को समस्त मासों में श्रेष्ठ बताया गया है, इसलिए यह मास विष्णु भगवान को अत्यंत प्रिय है। इस दिन भगवान विष्णु के सत्यनारायण स्वरूप की पूजा की जाती है। पद्म पुराण और मत्स्य पुराण में वैशाख मास में स्नान और दान को श्रेष्ठ बताया गया है-वैशाखे मासि स्नानं च, दानं च विशेषतः। इस मास में पवित्र तीर्थों पर स्नान, दान-पुण्य और व्रत से मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

शास्त्रों के अनुसार वैशाख शुक्ल त्रयोदशी से लेकर पूर्णिमा तक की तिथियों को पुष्करणी तिथियाँ कहा जाता है। मान्यता है कि एकादशी को अमृत प्रकट हुआ, द्वादशी को भगवान विष्णु ने उसकी रक्षा की, त्रयोदशी को देवताओं ने अमृत का पान किया, चतुर्दशी को दैत्यों का संहार हुआ और पूर्णिमा को देवताओं को उनका राज्य पुनः प्राप्त हुआ। इस दिन यमराज (धर्मराज) की कृपा प्राप्त करने के लिए व्रत रखने और दान करने का विशेष विधान है। शक्कर, तिल, पंखे, जूते-चप्पल, घड़ा, दूध-खीर, अन्न-वस्त्र आदि का दान अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। पूर्णिमा के दिन चंद्रदेव को अर्घ्य देना शुभ फलदायी होता है। साथ ही मां लक्ष्मी की पूजा से घर में सुख, समृद्धि और सौभाग्य बढ़ता है।

# महिला आरक्षण: 2029 में 400 पार का लक्ष्य ....

**सनत जैन**

भारतीय जनता पार्टी ने महिला आरक्षण बिल को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाया। यह सत्र ऐसे समय बुलाया गया, जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। मतदान 23 एवं 29 अप्रैल को होना था। कुछ दिन पहले ही संसद का सत्र स्थगित हुआ था। यदि यह बिल इतना जरूरी था, तो ऐसी स्थिति में जब संसद चल रही थी उसी समय यह बिल लाया जा सकता था। सरकार ने विशेष सत्र क्यों बुलाया, इसको लेकर भाजपा की रणनीति को समझना जरूरी है। महिला आरक्षण बिल 2023 में पास हो चुका है। इसमें 33 फीसदी महिलाओं को आरक्षण दिया जा चुका है। इसको लागू किस तरह से किया जाए, इसको लेकर दो महत्वपूर्ण विषयों पर सत्ता पक्ष राजनीति कर रही है। 2023 में जब महिला आरक्षण बिल सर्वसम्ममिति से पास हुआ था, उस समय विपक्ष की मांग थी, इसे तुरंत लागू किया जाए। 2024 का लोकसभा चुनाव 33 फीसद महिला आरक्षण के साथ हो। उस समय सत्ता पक्ष ने विपक्ष की मांग को स्वीकार नहीं किया। सरकार ने बिल में प्रावधान किया, 2026 की जनगणना के बाद परिसीमन किया जाएगा। उसके बाद ही महिला आरक्षण संसद और विधानसभा में लागू किया जाएगा। महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव हुए। भाजपा को उम्मीद थी, महिला आरक्षण को लेकर वह 2024 के लोकसभा चुनाव को 400 से ज्यादा सीट पर चुनाव जीतेंगे। हुआ इसका उल्टा, भाजपा को मात्र 240 सीटों पर सीमित हो जाना पड़ा। भाजपा को पूर्ण बहुमत भी नहीं मिला। इसके बाद भाजपा ने रणनीति बदली, विपक्ष जिस तरह से सशक्त हो रहा था, उसको देखते हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने विशेष सत्र बुलाकर, यह सोचा था, महिला आरक्षण बिल के नाम पर जनगणना और परिसीमन को लेकर दो नए संशोधन करेंगे। इसके माध्यम से विधानसभा तथा 2029 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए महिलाओं के आरक्षण को शीर्ष पर रखा जाएगा। सरकार को भरोसा था पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु की सांसदों की संख्या अधिक है, चुनाव के कारण वह सत्र में भाग नहीं लेंगे। उपस्थित सदस्य संख्या के दो तिहाई बहुमत से सदन के अंदर सरकार संशोधन बिल पास करा लेगी। यदि बिल पास नहीं हो पाया, तो भी महिला आरक्षण बिल को मुद्दा बनाकर भाजपा तमिलनाडु और बंगाल के विधानसभा में बढ़त बना लेगा। वहीं लोकसभा चुनाव में महिलाओं के मुद्दे पर विपक्ष को घेरेगा। संसद में दो तिहाई बहुमत से बिल पास नहीं हुआ। उसके बाद भाजपा ने इस रणनीति के तहत तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में महिला आरक्षण को मुद्दा चुनाव में बनाया। अब सभी राज्यों में प्रदर्शन और विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण बिल के बारे में संकल्प पारित कराए जा रहे हैं।

भाजपा एक सुनियोजित रणनीति बनाकर लंबी अवधि की राजनीति करती है। भाजपा का धार्मिक ध्रुवीकरण का मुद्दा कमजोर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में 50 फीसदी से अधिक महिला आबादी को आरक्षण के नाम पर भाजपा राजनीति करना चाहती है। केंद्र में भाजपा की सरकार है। इससे अच्छा मौका और कोई नहीं हो सकता है।

महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं बनाकर और महिलाओं के पक्ष में भाजपा है, यह धारणा बनाकर भाजपा 2029 के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें प्राप्त करने की रणनीति पर काम कर रही है।

जिस तरह से भाजपा के महिला आरक्षण को लेकर आक्रामक तेवर हैं, सभी राज्यों में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। विधानसभा में जहां भाजपा की सरकारें हैं, वहां पर महिला आरक्षण के संकल्प पारित कराए जा रहे हैं। महिलाओं के मुद्दे को भाजपा 2029 के लोकसभा चुनाव तक विवादों में रखना चाहती है।

भाजपा के रणनीतिकारों का विश्वास है, कि इस मुद्दे पर विपक्ष को दबाव में लाकर, 2026 की जनगणना में जाति जनगणना से बचा जाए। अभी केंद्र सरकार ने जाति जनगणना होगी या नहीं इसको लेकर अभी तक कोई नियम निर्धारित नहीं किए हैं। 2011 और 2026 की जनगणना को लेकर केंद्र सरकार ने विवाद की स्थिति बना दी है।

# अशांति से शांति की ओर यात्रा ही है बुद्ध का मार्ग

**योगेश कुमार गोयल**

अंधकार से प्रकाश की ओरः बुद्ध पूर्णिमा का जीवन-दर्शन

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा इस वर्ष 1 मई को है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गौत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया। सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण सन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा, यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है? सारथी ने बताया, यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का सामना करना ही पड़ता है। आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है। सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है।

बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे।

## मीरजापुर: मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हाईटेक फायर सेफ्टी सिस्टम, 3.73 करोड़ का बजट मंजूर

**मीरजापुर।**
मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध मंडलीय चिकित्सालय में आग से सुरक्षा के लिए अब हाईटेक अग्निशमन सिस्टम लगाया जाएगा। इसके लिए शासन ने 3 करोड़ 73 लाख रुपये का बजट मंजूर कर दिया है और जल्द ही काम शुरू होने की तैयारी है।
अस्पताल में रोजाना दो से तीन हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जबकि करीब 300 मरीज भर्ती रहते हैं। ऐसे में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए यह कदम बेहद अहम माना जा रहा है। फिलहाल अस्पताल में 256 फायर एक्सटिंग्विशर ही मौजूद हैं।
नई व्यवस्था के तहत अस्पताल परिसर में 10 हजार लीटर क्षमता का पानी का टैंक बनाया जाएगा। साथ ही पूरे परिसर में पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे आग लगने की स्थिति में तुरंत पानी और फायर लिक्विड उपलब्ध कराया जा सके।
मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार सिंह ने बताया कि बजट जारी हो चुका है और जल्द ही अग्निशमन प्रणाली स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इससे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।

## समय सीमा में पूर्ण हो ट्रामा सेंटर का निर्माण कार्य : जिलाधिकारी

**महोबा।**
जनपद की जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने गुरुवार को निमार्णाधीन ट्रामा सेंटर का स्थलीय निरीक्षण कर धरातल पर निर्माण कार्यों को परखा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता तथा

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वालों के खिलाफ यूपी विधानसभा में निंदा प्रस्ताव पारित



**लखनऊ।**
उत्तर प्रदेश विधानसभा के एक दिवसीस विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वालों के खिलाफनिंदा प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। पूरे दिन चली कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय समेत कुल 33 सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने विपक्ष पर करारे प्रहार कर जमकर निंदा की और उन्हें महिलासशक्तिकरण का विरोधी बताया।
गुरुवार को महिला सशक्तिकरण मुद्दे को लेकर राज्य सरकार ने विधानसभा का एक दिवसीय सत्र आहूत किया। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने से लेकर शाम के लगभग साढ़े पांच बजे तक सदन में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। इस दौरान राज्य के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने लोकसभा में नारी वंदन अधिनियम का विरोध करने वालों के खिलाफ एक निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस मौके पर मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि भाजपा सरकार राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। जब तक नारी शक्ति को नीति निर्धारण में उचित संवैधानिक अधिकार नहीं मिल जाता, तक तक हम नारी सशक्तिकरण विरोधियों की निंदा करते रहेंगे। प्रस्ताव में कहा गया कि नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन की दृष्टि से भारत की संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन में बाधा बने सपा, कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन के सभी दलों के नारी सशक्तिकरण विरोधी आचरण का यह सदन निंदा करता है।
सदन में निंदा प्रस्ताव आने के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि मैं इस निंदा प्रस्ताव का विरोध करता हूं और इसकी अति निंदा करता हूं। पीठ से विधानसभा अध्यक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव को पढ़कर सदन को सुनाया और पक्ष विपक्ष के सदस्यों से ध्वनि मत के लिए अपील की। इसके साथ ही सदन में सत्ता पक्ष की संख्या अधिक होने के नाते निंदा प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया।
इससे पहले मुख्यमंत्री योगी ने सदन में प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर आधी आबादी को उनका हक दिलाने का ऐतिहासिक कदम उठाया। परंतु 2029 में इसे लागू करने के प्रस्ताव पर 17 अप्रैल को संसद में इंडी गठबंधन के सभी दल बाधक बन गए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का चरित्र 1995 के स्टेट गेस्ट हाउस कांड में सबके सामने आ गया था। प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री के साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। उस समय भाजपा ने मायावती को समर्थन देकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की, जबकि नैतिक दायित्व आपका (सपा) था। भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी ने तब अपनी जान पर खेलकर उन्हें समाजवादी पार्टी के गुंडों से बचाया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि आप किस नारी गरिमा की बात करते हैं ? बदायूं जैसी घटनाओं पर आपके नेताओं के गैर-जिम्मेदाराना बयान आज भी याद किए जाते हैं। मैं भौचक्का हूं कि आप अभी भी महिलाओं की बात करते हैं। आप सभी महिलाओं के श्राप से शापित हैं। कांग्रेस की दुर्गति आप देख ही रहे हैं।
उत्तर प्रदेश में 40 वर्ष से वह लगातार बंजर होती जा रही है।
मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस के पतन का मुख्य कारण शाहबानो प्रकरण में एक मुस्लिम महिला के साथ किया गया अन्याय और मौलवियों के सामने घुटने टेकने की उसकी मानसिकता थी। तीन तलाक के मुद्दे पर भी आपका महिला-विरोधी चेहरा साफ दिखा।

## बरेली परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था पर सख्ती, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश



**बरेली ।**
बरेली परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए गुरुवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी ने चारों जनपदों के पुलिस प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ, पुलिस अधीक्षक पीलीभीत और पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर मौजूद रहे। इस दौरान डीआईजी ने विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।
बैठक में सबसे पहले आईजीआरएस (IGRS) पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। डीआईजी ने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
पुलिस और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी रखने और अफवाहों का समय रहते खंडन करने के निर्देश दिए गए, ताकि कानून व्यवस्था प्रभावित न हो।
सीसीटीएनएस (CCTNS) पर 60 और 90 दिन से लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को इन्हें जल्द से जल्द निष्पादित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ई-साक्ष्य ऐप के अधिकतम उपयोग पर बल देते हुए कहा गया कि विवेचनाओं में वीडियोग्राफी बयान, फोटो और फॉरेंसिक रिपोर्ट जैसे डिजिटल साक्ष्यों को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए।

## कौशाम्बी अज्ञात महिला की पहचान के लिए पुलिस ने जारी किया हुलिया



सैनी थाना क्षेत्र के नरसिंगपुर कछुवा नेशनल हाईवे के पास अज्ञात महिला का मिला था शव
करीब 5 फुट 4 इंच कद, सांवला रंग, काली साड़ी-ब्लाउज में मिली महिला
पैरों में काली चप्पल, दाहिने हाथ पर ह्यकुशलता देवीह्ल गुदा हुआ
पुलिस ने आम जनता से की पहचान कराने की अपील
जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह

सत्येंद्र तिवारी (क्षेत्राधिकारी सिराथू) 9454401293
त्रिलोकीनाथ पांडे (थानाध्यक्ष सैनी) 9454403768

## पिकअप की टक्कर से संगीत शिक्षक की मौत, चालक वाहन समेत गिरफ्तार



**मीरजापुर।**
उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के पास शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार म्यूजिक टीचर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पिकअप वाहन को गिरफ्तार कर लिया है।
मड़िहान थाना क्षेत्र के मरचा गांव निवासी 34 वर्षीय सर्वेश कुमार सिंह सोनभद्र के एक निजी कॉलेज में म्यूजिक टीचर थे। वह गुरुवार रात चुनार के डगमगपुर में देवी जागरण कार्यक्रम में शामिल होकर शुक्रवार सुबह बाइक से घर लौट रहे थे। सेमरी गांव के पास सामने से आ रही पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।
सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सर्वेश की तीन वर्ष पहले शादी हुई थी और उनका एक दो वर्षीय पुत्र है।

## यमुना पुल पर ट्रक ने मोटरसाइकिल में मारी टक्कर, दो युवकों की मौत, एक की हालत नाजुक

### शव रखकर परिजनों व ग्रामीणों ने किया हंगामा, सड़क जाम



**फतेहपुर।**
उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में शुक्रवार बीती रात यमुना नदी पुल पर भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने आज सुबह दोनों शवों को जरौली मार्ग स्थित चुनहा कुआं के पास सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। ग्रामीण जिला प्रशासन को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर अड़े हुए हैं।
असोथर थाना क्षेत्र के जरौली गांव निवासी शिवम सिंह (18) पुत्र बछऊ, शनी निषाद (22) पुत्र लोटन निषाद व बसंता (20) पुत्र श्यामकरण बाइक से गैर जनपद बांदा के मर्का बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रामनगर कौहन स्थित यमुना नदी पुल पर अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि शिवम और शनी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बसंता गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।
परिजनों ने बताया कि मृतक शनी निषाद की शादी 21 अप्रैल 2026 को हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद युवक की मौत से परिजनों में मातम छा गया।
ग्रामीणों का कहना है कि यमुना पुल पर लंबे समय से प्रकाश व्यवस्था नहीं है और सड़क भी जर्जर हालत में है। पुल पर अंधेरा, गड्ढे और तेज रफ्तार भारी वाहन लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं। ग्रामीणों ने खराब सड़क और प्रकाश व्यवस्था की कमी को दुर्घटना का मुख्य कारण बताया है।
घटना की सूचना मिलते ही असोथर थाना प्रभारी रमाशंकर सरोज मय फोर्स मौके पर पहुंचे। साथ ही थरियांव पुलिस, राधानगर थाना पुलिस, गाजीपुर थाना पुलिस, क्षेत्राधिकारी थरियांव वीर सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान चंद्र राय सहित भारी पुलिस बल घटनास्थल से लेकर असोथर तक तैनात रहा।

## बरेली में चैम्बर ऑफ कॉमर्स की नई कार्यकारिणी गठित, राजीव सिंघल फिर बने अध्यक्ष




**बरेली ।**
उत्तर प्रदेश के बरेली में सैन्ट्रल यूपी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन गुरुवार रात को होटल द मैनोर, स्टेशन रोड पर आयोजित सभा में किया गया। वर्ष 2026-27 के लिए हुए इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर एक बार फिर राजीव सिंघल को निर्विरोध चुना गया जबकि सचिव पद पर शरद अग्रवाल को नई जिम्मेदारी सौंपी गई।
सभा की शुरूआत में अध्यक्ष राजीव सिंघल और सचिव अल्पित अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद चुनाव अधिकारी एवं संस्था के पूर्व अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने प्राप्त नामांकनों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कुल 17 कार्यकारिणी सदस्यों के नाम सामने आए थे, जिनमें से कुछ सदस्यों ने स्वेच्छा से अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।
नई टीम में उपाध्यक्ष पद पर एस.के. सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर राहुल अग्रवाल तथा संयुक्त सचिव पद पर अभिनव कटरू और सीए क्षितिज टंडन को निर्विरोध चुना गया। इसके अलावा 11 सदस्यीय कार्यकारिणी में पुनीत सक्सेना, अमित अग्रवाल, तुषार गोयल, अजय शुक्ला, संदीप टंडन, मुनीश मित्तल, आलोक गुप्ता, संजय अग्रवाल, प्रशांत गोयल, रोशन अग्रवाल और संदीप टंडन को शामिल किया गया।
पुनः निर्वाचित अध्यक्ष राजीव सिंघल ने सभी सदस्यों और पूर्व पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि बीते वर्ष संस्था ने व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई।
उन्होंने बताया कि पिछले कार्यकाल में सेमिनार, क्रिकेट मैच, रक्तदान शिविर और होली-दिवाली जैसे त्योहारों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

## श्रमवीर गौरव समारोह 2026' में सीएम योगी करेंगे श्रमिक कल्याण योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

### नोएडा-ग्रेटर नोएडा में हॉस्टल, डिस्पेंसरी और औद्योगिक सुविधाओं का होगा विस्तार

**लखनऊ ।**
उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को 'श्रमवीर गौरव समारोह 2026' का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के कई वरिष्ठ मंत्री एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। इनमें दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ ही औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सिंह सैनी शामिल रहेंगे।
कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग की कई महत्वपूर्ण पहलों को जमीन पर उतारा जाएगा। इनमें बलरामपुर, झांसी और गोंडा में श्रमिक केंद्रों की स्थापना, डिजिटल लेबर चौक ऐप का शुभारंभ, बीओसीडब्ल्यू बोर्ड की नई वेबसाइट का लोकार्पण तथा अटल आवासीय योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान शामिल है। इसके साथ ही नोएडा और ग्रेटर नोएडा में ईएसआईसी डिस्पेंसरी और श्रमिक छात्रावासों की स्थापना भी की जाएगी। औद्योगिक विकास से जुड़ी योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों के लिए 40 वर्गमीटर के 2000 आवासीय प्लॉट, औद्योगिक क्षेत्रों में 5 एकड़ भूमि पर श्रमिक हॉस्टल, टाटा समूह के सीएसआर सहयोग से स्किल डेवलपमेंट सेल, श्रमिक सुविधा केंद्र और आवासीय व्यवस्थाओं का विस्तार किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा में 7.2 एकड़ भूमि पर 300 बेड का ईएसआईसी अस्पताल तथा 500 बेड का कार्यशील महिला छात्रावास भी प्रस्तावित है।
इसके अतिरिक्त सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना और सीएसआर फंड से 2 करोड़ रुपये की लागत से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।
शिक्षा के क्षेत्र में भी श्रमिक परिवारों के मेधावी छात्रों को टैबलेट वितरण किया जाएगा, जिससे उन्हें डिजिटल शिक्षा से जोड़ा जा सके। साथ ही समारोह में श्रमिकों को प्रमाणपत्र और टूलकिट वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कदम उठाया जाएगा।

## एसडीएम के पेशकार ने वकीलों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

### तहसील में वकीलों और एसडीएम के बीच विवाद गहराया



**हमीरपुर।**
उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा तहसील में वकीलों और एसडीएम के बीच चल रहा विवाद अब और गहरा गया है। एसडीएम न्यायालय के अंदर अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता के आरोपों के बाद शुरू हुआ विवाद अब मुकदमेबाजी तक पहुंच गया है। गुरुवार को मामले में एसडीएम न्यायालय के पेशकार ने दो नामजद अधिवक्ताओं समेत अन्य अज्ञात वकीलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।
बताया जा रहा है कि एसडीएम और उनके पेशकार के स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ता पिछले कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर क्रमिक अनशन कर रहे थे। इसी बीच मौदहा बार एसोसिएशन ने इस क्रमिक अनशन से अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे मामला और तूल पकड़ गया। वहीं, बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने भी दो अधिवक्ताओं समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ अलग मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि आरोपियों ने अभद्रता की, न्यायालय से संबंधित अभिलेख छीन लिए और जान से मारने की धमकी दी। दोनों पक्षों की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमों के बाद तहसील परिसर में तनाव का माहौल बना हुआ है। मामला मौदहा तहसील से जुड़ा है, जहां प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों पर भी इसका असर पड़ता दिखाई दे रहा है। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गो तस्कर घायल, छह गोवंश व हथियार समेत गिरफ्तार





**मीरजापुर।**
उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर के अदलहाट थाना पुलिस ने शुक्रवार को मुठभेड़ में दो शातिर गो-तस्करों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। मौके से क्रूरता पूर्वक बांधकर ले जाए जा रहे छह गोवंश, एक पिकअप वाहन और अवैध असलहे भी बरामद किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि गोवंश को तस्करी के लिए बिहार ले जाया जा रहा है। इस पर पुलिस ने हाजीपुर नहर पुलिया के पास पिकअप को रोकने का प्रयास किया, लेकिन तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।
जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें पकड़ लिया गया।
गिरफ्तार आरोपितों ने अपने नाम भोला हरिजन निवासी विसौरा खुर्द (अदलहाट) और बाबू उर्फ रामजन्म सोनकर निवासी रामपुर ढबही (अहरौरा) बताए।

## ओवरलोड वाहनों पर बड़ी कार्रवाई, कई ट्रक पकड़े गए, 4 सीज मचा हड़कंप

*चित्रकूट के सदर एसडीएम अजय यादव के नेतृत्व में चला अभियान*




**चित्रकूट।**
उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद के कर्वी तहसील क्षेत्र में प्रशासन ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है,। शुक्रवार को चलाए गए आकस्मिक धर पकड़ अभियान में चार ट्रक अवैध और ओवरलोड की स्थिति में पकड़कर सीज कर दिए गए हैं। सदर एसडीएम अजय यादव के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से वाहन स्वामियों और चालकों में हड़कंप मच गया है।
जानकारी के अनुसार, एसडीएम अजय यादव ने टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें ओवरलोड चल रहे वाहनों के साथ-साथ बिना वैध दस्तावेजों के संचालित हो रहे ट्रकों को भी पकड़ा गया। कई ट्रकों के पास जरूरी एमएम-11 (खनन परिवहन से संबंधित प्रपत्र) नहीं पाए गए, जिसके चलते उन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया।
पकड़े गए चारों वाहनों को भरतकूप थाना और शिवरामपुर चौकी को सुपुर्द कर दिया गया है, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## बेन कैपिटल ने एमक्योर फार्मा में 289 करोड़ में बेची एक फीसदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक निवेश कंपनी बेन कैपिटल ने एमक्योर फार्मास्युटिकल्स में लगभग एक प्रतिशत हिस्सेदारी 289 करोड़ रुपये से अधिक में बेच दी है। यह जानकारी एनएसई के ब्लॉक डील आंकड़ों से मिली। अमेरिका स्थित बेन कैपिटल ने अपनी संबद्ध इकाई बीसी इन्वेस्टमेंट्स आईवी लिमिटेड के माध्यम से पुणे स्थित एमक्योर के 18 लाख शेयर बेचे। ये शेयर औसतन 1,608.20 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचे गए जिससे कुल सौदे का मूल्य 289.47 करोड़ रुपये रहा। इस लेनदेन के बाद स बीच, नॉर्वे के गवर्नमेंट पेंशन फंड ग्लोबल ने समान संख्या में शेयर उसी कीमत पर खरीदे। यह दुनिया का सबसे बड़ा संप्रभु संपत्ति कोष (सॉवरेन वेल्थ फंड) है।

## भारत का आईफोन निर्यात 2 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

**पीएलआई योजना के अंतिम वर्ष में ऐतिहासिक उपलब्धि, डीजल वाहनों और हीरों को भी पछाड़ा**



**नई दिल्ली ।**

भारत में स्मार्टफोन विनिर्माण क्षेत्र ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वित्त वर्ष 2026 के दौरान भारत से आईफोन का निर्यात रिकॉर्ड 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह आंकड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए केंद्र सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतिम वर्ष में सामने आया है, जो मेक इन इंडिया पहल की शानदार सफलता को दर्शाता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल-फरवरी) के 11 महीनों के निर्यात आंकड़ों के अनुसार, भारत का कुल स्मार्टफोन निर्यात लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें अकेले आईफोन का योगदान 75 फीसदी से अधिक (लगभग 2 लाख करोड़ रुपये) रहा। यह उपलब्धि देश के पारंपरिक प्रमुख निर्यात श्रेणियों को भी पीछे छोड़ गई है। इसी अवधि में, डीजल वाहन 14.53 अरब डॉलर (लगभग 1.21 लाख करोड़ रुपये) के निर्यात के साथ दूसरी सबसे बड़ी श्रेणी रही, जबकि हीरा 11.23 अरब डॉलर (लगभग 93 हज़ार करोड़ रुपये) और दवाएं 9.98 अरब डॉलर (लगभग 83 हज़ार करोड़ रुपये) के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। यह आंकड़ा ऐपल को भारत की विनिर्माण महत्त्वाकांक्षा का एक प्रमुख उदाहरण और सरकारी पहल की उत्कृष्ट सफलता की कहानी बनाता है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की शुरुआत के बाद से भारत से ऐपल के आईफोन का निर्यात लगभग शून्य से बढ़कर मात्र पांच वर्षों के भीतर 2 लाख करोड़ रुपये सालाना तक पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2021-22 में 9,351.6 करोड़ रुपये से बढ़कर यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2022-23 में 44,269.5 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 में 85,013.5 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। पीएलआई योजना की गति बढ़ने के साथ ही, ऐपल के विनिर्माण भागीदार टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और फॉक्सकॉन जैसी कंपनियों ने आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से श्रमिकों को प्रशिक्षित करते हुए उत्पादन और निर्यात में तेजी लाई। ऐपल की आपूर्ति श्रृंखला में 40 से अधिक घरेलू कंपनियों के साथ-साथ जापान की टीडीके कॉर्पोरेशन और कई ताइवानी संयुक्त उद्यम भी शामिल हैं, जिसमें चीनी कंपनियों को लगातार बाहर रखा गया है। यह भारत को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 15 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 95.03 पर पहुंचा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख से रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में 32 पैसे टूटकर 95.20 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसारन ब्रेंट क्रूड का दाम करीब 122 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है, जिससे भारत का आयात खर्च बढ़ने की आशंका है। वहीं पश्चिम एशिया में संभावित व्यापक संघर्ष की चिंताओं ने निवेशकों की बेचैनी बढ़ा दी है जिससे डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर पर और दबाव पड़ सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.01 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में फिसलकर 95.20 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया जो पिछले बंद स्तर से 32 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को 20 पैसे कमजोर होकर 94.88 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 फीसदी की बढ़त के साथ 98.96 पर रहा।



## प्राकृतिक आपदा में कर्जदारों को राहत, आरबीआई के नए नियम लागू

**नई दिल्ली।**



प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित कर्जदारों को राहत देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नए नियम जारी किए हैं। इन नियमों के तहत बाढ़, भूकंप या अन्य आपदाओं से नुकसान झेलने वाले ग्राहकों को बैंक मोरटोरियम की सुविधा देंगे, जिससे उन्हें कुछ समय तक किस्त चुकाने से राहत मिलेगी। इसके अलावा जरूरतमंदों को अतिरिक्त कर्ज भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे अपने व्यवसाय या आजीविका को फिर से शुरू कर सकें। आरबीआई ने बैंकों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रभावित क्षेत्रों में लचीला रवैया अपनाएं और ग्राहकों को शीघ्र सहायता प्रदान करें।

## 1 मई को शेयर बाजार बंद रहेंगे बीएसई-एनएसई में नहीं होगा कारोबार

**महाराष्ट्र दिवस पर नहीं होगी शेयरों की खरीद-बिक्री**



**मुंबई ।**

1 मई शुक्रवार को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर देश के प्रमुख शेयर बाजार एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) और बीएसई (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) बंद रहेंगे। निवेशकों को अब 30 अप्रैल के बाद सीधे 4 मई को ही ट्रेडिंग का मौका मिलेगा। दोनों प्रमुख एक्सचेंजों का मुख्यालय मुंबई में होने के कारण हर साल 1 मई को महाराष्ट्र राज्य के गठन की याद में मनाए जाने वाले महाराष्ट्र दिवस पर बाजार में अवकाश रहता है। यह परंपरा 1960 में राज्य के गठन के बाद से चली आ रही है। मौजूदा वर्ष में कुल 16 ट्रेडिंग हॉलिडे निर्धारित हैं, जिनमें से 7 पहले ही बीत चुके हैं। 1 मई की छुट्टी के बाद, बाजार में 8 और दिनों का अवकाश रहेगा। इनमें शामिल हैं- 28 मई बकरीद, 26 जून मुहर्रम, 14 सितंबर गणेश चतुर्थी, 2 अक्टूबर गांधी जयंती, 20 अक्टूबर दशहरा, 10 नवंबर दिवाली, 24 नवंबर गुरु नानक जयंती और 25 दिसंबर क्रिसमस। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज 1 मई को सुबह के सत्र के लिए बंद रहेगा, लेकिन शाम 5 बजे से रात तक इसमें कारोबार जारी रहेगा।

# इक्रा की चेतावनी- तेल, उर्वरक, गैस क्षेत्रों पर 80,000 करोड़ के घाटे का संकट

**भू-राजनीतिक तनाव और लागत वृद्धि से वित्त वर्ष 27 में लाभप्रदता बुरी तरह प्रभावित**

**नई दिल्ली ।**



रेटिंग एजेंसी इक्रा ने आगाह किया कि भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आपूर्ति बाधाओं के कारण वित्त वर्ष 2026-27 तक भारत के प्रमुख डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों को गंभीर वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी के अनुसार यदि वर्तमान घाटे का स्तर बना रहा, तो सरकारी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को अकेले एलपीजी बिक्री पर लगभग 80,000 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हो सकता है। इक्रा ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान ने अंतरराष्ट्रीय एलपीजी, कच्चे तेल और अन्य कच्ची सामग्री की कीमतों में तेज वृद्धि की है। इन दबावों के चलते, ओएमसी को 120-125 डॉलर प्रति बैरल कच्चे तेल पर पेट्रोल पर 14 रुपये और डीजल पर 18 रुपये प्रति लीटर का भी नुकसान होने का अनुमान है, जिससे उनकी लाभप्रदता बुरी तरह प्रभावित होगी। उर्वरक क्षेत्र को भी सल्फर और अमोनिया की बढ़ती कीमतों से जूझना पड़ रहा है, जिससे वित्त वर्ष 2027 में सब्सिडी की आवश्यकता 2.05 ट्रिलियन रुपये से 2.25 ट्रिलियन रुपये तक जा सकती है, जो मौजूदा बजटीय आवंटन से कहीं अधिक है।

इक्रा का मानना है कि सरकार को इस क्षेत्र की स्थिरता बनाए रखने के लिए सब्सिडी बढ़ानी होगी। सिटी गैस वितरण (सीजीडी) क्षेत्र में भी मुद्रा में गिरावट और गैस की ऊंची कीमतों से सीएनजी सेगमेंट के मार्जिन पर दबाव पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि लागत पूरी तरह उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाई जा सकेगी।

इन सभी कारकों से डाउनस्ट्रीम उद्योगों की लाभप्रदता प्रभावित होगी।

# एआई को बढ़ावा देने हजारों कर्मियों की छंटनी करेगी कॉग्निजेंट

**नई दिल्ली ।**

आईटी सेवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कॉग्निजेंट ने एक बड़े पुनर्गठन कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसमें हजारों कर्मचारियों की छंटनी की आशंका है। कंपनी इस पर 20 से 32 करोड़ डॉलर खर्च करेगी। यह कदम अनिश्चित आर्थिक माहौल के बीच उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने तथा कौशल की बदलती मांगों को पूरा करने के उद्देश्य से उठाया गया है। नैस्डैक पर सूचीबद्ध कॉग्निजेंट ने अपने प्रोजेक्ट लीप कार्यक्रम के तहत यह ऐलान किया है। इसके तहत अप्रैल से दिसंबर के बीच कंपनी कर्मचारियों को बर्खास्त करने पर 20 से 27 करोड़ डॉलर का मुआवजा और 3 से 5 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त कार्मिक व्यय वहन करेगी। यह परियोजना बुधवार को पहली तिमाही के नतीजों के साथ घोषित की गई। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) क्षमताओं में अधिक निवेश करना, कर्मचारियों के कौशल को बढ़ाना और उन्हें बाजार की मांगों के अनुरूप ढालना है। इससे कंपनी के परिचालन मॉडल में सुधार होगा और उत्पादकता बढ़ेगी। कंपनी को उम्मीद है कि इस साल उसे 20 से 30 करोड़ डॉलर की बचत होगी, जिससे मार्जिन में 20 से 40 आधार अंकों की वृद्धि होगी।



## वारी एनर्जीज का चौथी तिमाही में मुनाफा 75 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।**



ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वारी एनर्जीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही और पूरे वित्तीय वर्ष में शानदार वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। चौथी तिमाही में इसका एकीकृत शुद्ध लाभ करीब 75 प्रतिशत बढ़कर 1,126 करोड़ रुपये पर पहुँच गया, जबकि पूरे वित्तीय वर्ष में शुद्ध लाभ 3,884.15 करोड़ रुपये रहा। तिमाही के दौरान कुल आय दोगुनी से अधिक होकर 8,659.98 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। बोर्ड ने 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रति शेयर पर 2 रुपये (20 प्रतिशत) का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है, जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। इसके अतिरिक्त कंपनी 10,000 करोड़ रुपये तक की राशि पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) या अन्य माध्यमों से जुटाने की योजना बना रही है।

# 1 मई से सिगरेट 17 फीसदी तक हुई महंगी!

**मुंबई ।**



धूम्रपान करने वालों को सिगरेट की तलब अब उनके जेब पर और भारी पड़ने वाली है। प्रमुख तंबाकू कंपनियां आईटीसी और गाडफ्रे फिलिप्स 1 मई से सिगरेट के दाम में 17 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने जा रही हैं। यह इस साल फरवरी में सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क बढ़ाने के बाद दूसरी बड़ी कीमत वृद्धि होगी। दरअसल, 1 फरवरी को सरकार ने सिगरेट पर उत्पाद शुल्क में 30 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि की थी। शुरुआत में कंपनियों ने इस बढ़े हुए टैक्स का कुछ हिस्सा खुद वहन किया। लेकिन बिक्री में गिरावट और मुनाफे पर दबाव के चलते अब उन्होंने यह बोझ पूरी तरह ग्राहकों पर डालने का फैसला किया है। इस बढ़ोतरी का सीधा असर मशहूर ब्रांड्स पर दिखेगा। गोल्ड फ्लैक प्री मियम का एक पैक जो अभी लगभग 115 में मिलता है, वह बढ़कर करीब 135 रुपए तक पहुंच जाएगा।

इसी तरह, किंग साइज सिगरेट की प्रति स्टिक कीमत 20 से बढ़कर 25 से 28 रुपए के बीच हो सकती है। कीमतों में वृद्धि का असर बाजार में पहले ही दिख रहा है; अप्रैल में सिगरेट की बिक्री में करीब 20 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, खासकर महंगे किंग साइज सेगमेंट में, क्योंकि लोग अब सस्ते विकल्प तलाश रहे हैं।

## जनवरी-मार्च तिमाही में सोने की मांग 10 प्रतिशत बढ़कर 151 टन हुई डब्ल्यूजीसी

**ऊंची कीमतों के बीच निवेश मांग में 54 फीसदी की वृद्धि, आभूषण खरीदारी 19 फीसदी घटी**

**नई दिल्ली ।**

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में सोने की कुल मांग 10 प्रतिशत बढ़कर 151 टन हो गई है। यह वृद्धि मुख्य रूप से निवेश मांग में मजबूत उछाल के कारण हुई है, जिसने आभूषणों की घटती खरीद की काफी हद तक भरपाई कर दी है।

रिपोर्ट दर्शाती है कि भारतीय स्वर्ण बाजार में अब आभूषणों के बजाय निवेश की ओर झुकाव बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक तिमाही के दौरान सोने की छड़ों, सिक्कों और गोल्ड ईटीएफ के जरिए निवेश मांग में 54 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई, जो बढ़कर 82 टन हो गई। इसकी मुख्य वजह सोने की रिकॉर्ड ऊंची कीमतें रहीं, जिसने उपभोक्ताओं को निवेश के रूप में सोने की ओर आकर्षित किया।

हालांकि, ऊंची कीमतों का असर आभूषण मांग पर नकारात्मक रहा, जिसमें सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 66 टन रह गई।

कीमत के प्रति संवेदनशील उपभोक्ता वर्ग पर विशेष रूप से इस गिरावट का प्रभाव देखा गया। डब्ल्यूजीसी ने पूरे वर्ष के लिए सोने की मांग 650-750 टन के बीच रहने का अनुमान जताया है, जबकि पिछले साल यह 712 टन थी।

मूल्य के लिहाज से इस तिमाही में सोने की मांग लगभग दोगुनी होकर 99,900 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 99 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

डब्ल्यूजीसी के एक मुख्य अधिकारी ने कहा कि भारत का सोना बाजार मात्रा के रुझान और मूल्य वृद्धि के बीच अंतर को दर्शाता है, जो रिकॉर्ड ऊंची कीमतों और बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताओं से प्रभावित है। घरेलू सोने की कीमत इस तिमाही में सालाना आधार पर 81 प्रतिशत बढ़कर औसतन 1,51,108 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 83,375 रुपये थी।

सोने की छड़ों और सिक्कों की मांग 34 प्रतिशत बढ़कर 62 टन हो गई, जो 2013 के बाद पहली तिमाही का सबसे ऊंचा स्तर है। यह पारंपरिक रूप से आभूषण-प्रधान बाजार से एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है।

## एचयूएल का मुनाफा 20.96 प्रतिशत बढ़कर 2,994 करोड़ पहुंचा



**नई दिल्ली ।**

दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का जनवरी-मार्च तिमाही में मुनाफा 20.96 प्रतिशत बढ़कर 2,994 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का मुनाफा एक साल पहले की समान अवधि में 2,475 करोड़ रुपये रहा था। एचयूएल ने आय का विवरण देते हुए बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उत्पादों की बिक्री से राजस्व 2025-26 में 8.13 प्रतिशत बढ़कर 16,172 करोड़ रुपये रहा।

कुल खर्च 7.2 प्रतिशत बढ़कर 16,615 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, अन्य आय सहित कुल आय 5.01 प्रतिशत बढ़कर 16,580 करोड़ रुपये रही। यह 12 तिमाहियों में उसकी सबसे तेज वृद्धि है।समूचे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मुनाफा 15,059 करोड़ रुपये रहा जिसमें 'न्यूट्रिशनलैब' के विनिवेश से सहायता मिली।

इस दौरान कुल आय 4.6 प्रतिशत बढ़कर 65,219 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में अनुकूल व्यापक आर्थिक नीतियों के कारण मांग का माहौल बेहतर रहा।

कंपनी ने वृद्धि को तेज करने के लिए खंड को मजबूत करने, निवेश बढ़ाने, मांग सृजन क्षमताओं को सुदृढ़ करने और संगठन को सरल बनाने जैसे कदम उठाए। उन्होंने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के कारण जिंसों और मुद्रा में उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

## रोब्लॉक्स ने भारत विस्तार के लिए सुनील राव को एमडी नियुक्त किया

**साझेदारियों और क्रिएटर इकोसिस्टम को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेंगे**

**नई दिल्ली।**

अग्रणी गेमिंग प्लेटफॉर्म रोब्लॉक्स ने भारत में अपनी स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से सुनील राव को अपनी भारतीय इकाई का प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है।

कंपनी ने गुरुवार को इस महत्वपूर्ण नियुक्ति की घोषणा की, जिसके तहत राव मई से कार्यभार संभालेंगे। राव देश में रोब्लॉक्स के वरिष्ठ प्रतिनिधि और बाजार प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे। उनकी मुख्य जिम्मेदारियों में भारत में कंपनी की रणनीति का दैनिक क्रियान्वयन, स्थानीय उपस्थिति को मजबूत करना, साझेदारियों को बढ़ावा देना और 'क्रिएटर इकोसिस्टम' को समर्थन देना शामिल होगा।

रोब्लॉक्स के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष झेन फांग ने भारत को वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण बाजार बताया और राव की विभिन्न बाजारों में काम करने की विशेषज्ञता को कंपनी की अगली विकास यात्रा के लिए उपयुक्त करार दिया।

इस नियुक्ति से पहले राव अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) में नेतृत्व दल का हिस्सा थे, जहां उन्होंने एशिया-प्रशांत और जापान क्षेत्र में रणनीति और कॉरपोरेट बिजनेस डेवलपमेंट कार्यों का नेतृत्व किया। अपनी नई भूमिका पर राव ने देशभर के डेवलपर और क्रिएटर को सशक्त बनाने वाले एक जीवंत और समावेशी परिवेश बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



उन्होंने बच्चों की सुरक्षा और भारत के नियामकीय ढांचे के अनुरूप काम करने को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल बताया, ताकि एक भरोसेमंद मंच के माध्यम से जिम्मेदारी से आगे बढ़ा जा सके।

# आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स की टीम शुक्रवार को आईपीएल के 43 वें मैच में अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। अब तक के प्रदर्शन को देखा जाये तो रॉयल्य जीत की प्रबल दावेदार है। उसने अब तक 6 मैच जीते हैं और 12 अंक लेकर वह तालिका में तीसरे स्थान पर है और उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी और पक्की करना रहेगा। पिछले मैच में उसने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स को हराया था जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने जोरदार वापसी की है। कप्तान रियान पराग की राजस्थान के पास वैभव सूर्यवंशी , यशस्वी जायसवाल जैसे बल्लेबाज, वहीं जोफ्रा आर्चर जैसे तेज गेंदबाज और स्पिनर के तौर पर रविन्द्र जडेजा हैं1

वहीं दूसरी और अक्षर पटेल की कप्तानी में उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने अब तक केवल 3 मैच जीते हैं और उसके 6 अंक हैं इससे वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। पिछले मैच में वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ केवल 75 रन पर ही सिमट गयी थी। जिससे उसके बल्लेबाज इस मैच में भी दबाव में होंगे। उसकी ओर से अब तक केवल केएल राहुल ही बड़ी पारियों खेल पाये हैं। वहीं अन्य बल्लेबाजों डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है।

उसके लिए राहत की बात केवल इतनी सी है कि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क फिट हो गये हैं और वह वापसी के लिए तैयार हैं। स्टार्क अगर खेलते हैं तो दिल्ली की गेंदबाजी मजबूत होगी। इसके अलावा वह लुंगी एनगिडी एंटीगिटी के नहीं खेलने से होने वाली कमी भी भर देंगे। एंटीगिटी चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेलेंगे।




आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो टीमों के बीच 29 मैच हुए हैं इसमें से राजस्थान ने 15 जबकि दिल्ली ने 14 जीते हैं।

### टीम इस प्रकार है

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रविंद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, युद्धवीर सिंह चरक, रवि बिश्नोई, अमन राव पेराला, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, दासुन शनाका, सुशांत मिश्रा, विग्नेश मिश्रा पुथुर, रवि सिंह, ब्रिजेश शर्मा, शुभम दुबे, ।

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), लोकेश राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, आकिब डार, नितीश राणा, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंता चमीरा, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव और मिचेल स्टार्क।

# अभिषेक ऑरेंज कैप और ईशान मलिंगा पर्पल कैप की सूची में शीर्ष पर पहुंचे



मुम्बई (एजेंसी)। मुम्बई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हुए आईपीएल मुकाबले के बाद एक बार फिर ऑरेंज और पर्पल कैप की सूची में बदलाव आया है। अब एक बार फिर सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की सूची में नंबर एक आ गये हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। अभिषेक ने मुम्बई के खिलाफ मैच में 24 गेंदों में 45 रन बनाये। इससे अब उनके कुल 425 रन हो गये हैं। वहीं सनराइजर्स के ही हेरनिक क्लासेन 414 रनों के साथ ही दूसरे और राजस्थान के वैभव 400 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं। केएल राहुल चौथे और विराट कोहली पांचवे नंबर पर हैं।

वहीं दूसरी और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाले पर्पल कैप के लिए सनराइर्स के ईशान मलिंगा नंबर एक पर पहुंच गये हैं। ईशान ने अब तक 15 विकेट लिए हैं। मुम्बई इंडियंस के खिलाफ ईशान ने एक विकेट लिया था। वहीं आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार, रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज तीनो ही 14-14 विकेट के साथ ही दसरे तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। हहैं। इसके बाद 13 विकेट के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव 13 विकेट के साथ ही पांचवे नंबर पर हैं।

# केविन पीटरसन की दक्षिण अफीका को अपील, 2027 विश्व कप के लिए इस प्लेयर को रिटायरमेंट वापस लेने के लिए मनाएं

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने दक्षिण अफ्रीकी टीम मैनेजमेंट से अपील की है कि वे अपने घरेलू मैदान पर ICC क्रिकेट वर्ल्ड कप 2027 का खिताब जीतने की कोशिश में हेनरिक क्लासेन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायरमेंट वापस लेने के लिए मनाएं। क्लासेन ने पिछले साल जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया था। वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के साथ शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तक वह इस सीजन में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 9 पारियों में 59.14 की औसत और 157.41 के स्ट्राइक रेट से 414 रन बनाए हैं, जिसमें 4 अर्धशतक शामिल हैं।

गुरुवार को X पर लिखते हुए पीटर्सन ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका ने कभी क्रिकेट वर्ल्ड कप नहीं जीता है! आज सुबह दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड की तरफ से हेनरिक क्लासेन को एक फोन कॉल जाना चाहिए, जिसमें उनसे पूछा जाए कि क्या वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं और अपना पहला वर्ल्ड कप जीतने के अभियान में एक अहम भूमिका निभा सकते हैं, जो अगले साल दक्षिण अफ्रीका में ही होगा।'

क्लासेन का अंतरराष्ट्रीय रिटायरमेंट वापस लेना, हालांकि यह पूरी तरह से उन्हीं पर निर्भर करता है, लेकिन यह पूरी तरह से असंभव भी नहीं है; क्योंकि पिछले साल विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने भी इस साल के टी20 वर्ल्ड कप 2026 और 2027 के घरेलू वर्ल्ड कप में खेलने के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट से अपना रिटायरमेंट वापस ले लिया था और तब से उन्होंने कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं।

क्लासेन ने 2018-25 तक फैले अपने सात साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में 122 मैचों में 32.45 की औसत और 117.40 के स्ट्राइक रेट से 3,245 रन बनाए, जिसमें चार शतक, 16 अर्धशतक और 174 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। हालांकि उनका टेस्ट करियर छोटा रहा जिसमें उन्होंने 4 मैचों में सिर्फ 104 रन बनाए लेकिन क्लासेन प्रोटियाज के लिए एक मूल्यवान व्हाइट-बॉल क्रिकेटर साबित हुए। उन्होंने 60 वनडे मैचों में 43.69 की औसत और 117 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 2141 रन बनाए। इसमें चार शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं और 56 पारियों में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 174 रन रहा। टी20आई में उन्होंने 58 मैचों की 53 पारियों में 23.25 की औसत और 141 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 1,000 रन बनाए। इसमें पांच अर्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 81 रन रहा।

# मुम्बई को प्लेऑफ के लिए जीतने होंगे कम से कम पांच मैच

मुम्बई (एजेंसी)। मुम्बई इंडियंस आईपीएल के 19 में सत्र में अबतक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है और उसे 8 में से 6 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इससे मुम्बई के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं काफी कम हो गयी हैं हालांकि ये समाप्त नहीं हुई है। प्लेऑफ के लिए अब मुम्बई को बचे हुए सभी 6 मैच जीतने होंगे। इसमें अगर वह सफल रही तो उसे उसके 16 अंक हो जाएंगे और उसके लिए प्लेऑफ की राह खुली रहेगी। अभी टीम 4 अंक के साथ ही 9वें स्थान पर है। टीम को लीग स्तर पर अभी 6 मैच और खेलने है। उसका रेट में भी काफी कम है जिससे



भी उसे नुकसान हुआ है। उसे इस सत्र में प्लेऑफ के लिए अब कम से कम 14 अंकों की जरूरत है। इसके अलावा उसे अपने रनरेट में भी सुधार करना होगा।

ऐसे में टीम अगर शेष 6 मैचों में से 5 भी जीतती है तो भी उसे प्लेऑफ की संभावनाएं बनी रहेंगी। वहीं अगर वह केवल 4 मैच जीतती है और दो में हारती है तो बाहर हो जाएगी। इस सत्र में अब तक जिस प्रकार से मुम्बई का प्रदर्शन रहा है उससे उसके लगातार मैच जीतने की संभावनाएं कम ही हैं। गत दिवस हुए मैच में उसे 243 रनों का बड़ा स्कोर बनाने के बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार झेलनी पड़ी। टीम की हार का कारण बल्लेबाजों और गेंदबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। जिससे टीम नीचे आयी है।

# वैभव के पास दिल्ली कैपिल्स के खिलाफ मुकाबले में पोलार्ड का रिकार्ड तोड़ने का अवसर

मुम्बई (एजेंसी)। राजस्थान रायल्स की टीम अब एक मई शुक्रवार को दिल्ली कैपल्स से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलेगी। इस मैच में सभी की नजरें राजस्थान के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर रहेंगी। वैभव इस मैच में सबसे तेज 100 छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। इसके लिए उन्हें केवल एक छक्के की जरुरत है। अगर वैभव इसमें सफल रहे तो वह किरोन पोलार्ड का सबसे तेज 100 छक्के लगाने का रिकार्ड तोड़ देंगे। पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में वैभव ने पांच छक्के लगाये थे। इन पांच छक्कों के साथ ही



उनके अब टी20 की 27 पारियों में कुल 99 छक्के हो गए हैं। टी20 में सबसे तेज 100 छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड अभी पोलार्ड के नाम है। उन्होंने 843 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं सूर्यवंशी ने अब तक 511 गेंदें ही खेली हैं। ऐसे में उनका नंबर एक पर आना तय है।

वैभव ने आईपीएल सत्र की शुरुआत साल 2025 में की थी। तब वह केवल 14 साल की उम्र में खेलने उतरे थे। इस प्रकार वह सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बने थे। तब उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलते हुए पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था। वहीं इस सत्र में उन्होंने जसप्रीत बुमरार और पैट कमिंस जैसे गेंददाजों पर भी छक्के लगाये हैं। इसके अलावा जोश हेजलवुड, अर्शदीप सिंह सहित कई गेंदबाज भी वैभव से बच नहीं पाये हैं।

वैभव ने इस सत्र में साकिब हुसैन की गेंद पर छक्का लगाकर सिर्फ 36 गेंद में अपना शतक पूरा किया था। ये लीग का तीसरा सबसे तेज शतक रहा है। उन्होंने पिछले साल गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में ही शतक लगा दिया था। वहीं क्रिस गेल के नाम आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड है। उन्होंने 30 गेंद में 100 रन बनाए थे। वैभव टी20 में सबसे कम उम्र में 1000 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं।

# बीसीसीआई ने रियान पराग पर ई-सिगरेट सेवन के लिए जुर्माना लगाया



मुम्बई । राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग को इलेक्ट्रानिक सिगरेट (वेप्स) का सेवन करना भारी पड़ा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इससे आचारसंहित का उल्लंघन मानते हुए ' स्मोकिंग एक्ट के तहत ही पराग पर मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगाया है। इसके अलावा उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी जोड़ा गया है। इससे पहले बोर्ड ने उन्हें नोटिस भेजा था। उन पर खिलाड़ी आचार संहित के नियम 2.1 के तहत लेवल 1 का अपराध लगाया गया है। जो आचारसंहित का के पालन से जुड़ा है। पराग को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम के अंदर स्मोकिंग करते हुए देखा गया था। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद से ही वह आलोचना का शिकार हो रहे थे। वहीं बोर्ड और राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन के सूत्रों के अनुसार पराग को गुरुवार सुबह नोटिस दिया गया था। पराग ने इस मामले में जुर्माना भरना स्वीकार कर लिया है। ऐसे में अब इस मामले में आगे कार्रवाई नहीं होगी। ये दूसरी बार है जब रॉयल्स विवादों में आई है। इससे पहले टीम मैनेजर को भी डगआउट में मोबाइल का प्रयोग करते देखा गया था।

# 38 के हुए रोहित को जन्मदिन पर मिली बधाई



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहत शर्मा आज 38 साल के हो गये। जन्मदिन पर रोहित को साथी क्रिकेटरों के साथ ही प्रशंसकों ने भी बधाई दी है। रोहित ने अपना 38वां जन्मदिन जयपुर के होटल में अपने परिवार और मुंबई इंडियंस (एमआई) के साथियों के साथ मनाया। रोहित ने अपने करियर में कई सफलताएं हासिल की हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने चैम्पियंस ट्रॉफी और टी20 विश्कप जीत है। मैदान पर छाये रहने वाले रोहित ने अपने क्रिकेटिंग करियर में कई रिकॉर्ड बनाए हैं। खेल के साथ ही वह धन कमाने में भी पीछे नहीं रहे हैं। रोहित भारतीय क्रिकेट के सबसे धनी खिलाड़ियों में से एक हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, उनकी कुल नेटवर्थ 233 करोड़ रुपये के करीब है। आजकल वह केवल एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलते हैं पर उनकी लोकप्रियता में कमी नहीं आई है। उनकी आय का मुख्य स्रोत बीसीसीआई का केन्द्रीय अनुबंध, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से मिलने वाली मोटी रकम और कई बड़े ब्रांड से जुड़े होना है। रोहित लंबे समय तक बीसीसीआई के केन्द्रीय अनुबंध में शीर्ष पर रहे हैं। उन्हें आईपीएल सीजन में उन्हें सालाना 16.30 करोड़ रुपये मिलते हैं। उन्होंने अब तक सिर्फ आईपीएल से ही 195 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसके अलावा वह 25 से अधिक बड़े ब्रांड्स के लिए वे एंडोर्समेंट करते हैं। उनका मुंबई के पॉश वरली इलाके में एक घर है। उनके पास लग्जरी और स्पोर्ट्स कारें भी है। इसमें पसंदीदा लेम्बोर्गिनी उरुस के साथ ही मर्सिडीज-बेंज एस-क्लास, बीएमडब्ल्यू एम-5, रेंज रोवर, टोयोटा फॉर्च्यूनर और टेस्ला मॉडल वाई जैसी शानदार गाड़ियां शामिल हैं।

# आईपीएल में बड़े स्कोर वाले मुकाबलों को मुरलीधरन ने खेल की जरुरत बताया, पिच पर भी उठे सवाल

मुम्बई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में बल्लेबाजों का दबदबा जारी है, जहां लगातार बड़े स्कोर बन रहे हैं और असंभव दिखने वाले लक्ष्य भी आसानी से हासिल किए जा रहे हैं उससे कई सवाल भी उठ रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद ने हाल ही में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 244 रनों का विशाल लक्ष्य जिस सहजता से पीछा किया, उसने एक बार फिर बल्लेबाजों के अनुकूल पिचों पर बहस छेड़ दी है। इस मुकाबले में जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज का भी महंगा साबित होना चिंता का विषय बन गया है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या खेल में गेंदबाजों के लिए कुछ बचा है या नहीं।

वहीं इस मुद्दे पर सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच मुथैया मुरलीधरन ने कहा है कि अगर संतुलित विकेट मुहैया कराए जाएंगे, तो दर्शकों के लिए मैच मजेदार नहीं




होंगे। मुरलीधरन के अनुसार, टी20 क्रिकेट की पहचान ही चौके-छक्के हैं और प्रशंसक यही देखना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आईपीएल एक बहुत बड़ा बिजनेस है और यदि मैचों में बड़े स्कोर नहीं बनेंगे, तो स्वाभाविक रूप से दर्शकों और प्रायोजकों दोनों की इसमें रुचि कम होने लगेगी, जिसका सीधा असर लीग की लोकप्रियता और वित्तीय स्थिति पर पड़ेगा।

मुरलीधरन ने बाउंड्री लाइन बढ़ाने जैसे सुझावों को भी खारिज करते हुए कहा कि इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। उनका मानना है कि जब बल्लेबाज बिना किसी डर के खुलकर आक्रामक तरीके से बल्लेबाजी करते हैं, तो गेंदबाजों के लिए उन्हें रोकना या रनों पर अंकुश लगाना बेहद मुश्किल हो जाता है। पूर्व दिग्गज स्पिनर ने यह भी दावा किया कि आक्रामक बल्लेबाजी का यह ट्रेंड सनराइजर्स हैदराबाद ने ही सबसे पहले शुरू किया था, जिसे अब बाकी टीमें भी अपना रही हैं।

मुरलीधरन ने बताया कि खेल में आए इस बदलाव का सबसे बड़ा प्रमाण पावरप्ले में बनने वाले रनों में देखी जा सकती है। जहां पहले पावरप्ले में 40-50 रन को एक अच्छा स्कोर माना जाता था, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर 70-80 रन तक पहुंच गया है। आज के बल्लेबाज विकेट खोने की चिंता किए बिना सिर्फ रन बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे गेंदबाजों पर दबाव कई गुना बढ़ जाता है।

## मार्टा ने नोस्कोवा को हराकर मैड्रिड ओपन सेमीफाइनल में जगह बनायी

मैड्रिड। यूक्रेन की महिला टेनिस खिलाड़ी मार्टा कोस्त्युक मैड्रिड ओपन में अच्छे प्रदर्शन के साथ ही अपने करियर के दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में जगह बनायी है। मार्टा ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में चेक गणराज्य की 13वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा को सीधे सेटों में 7-6(1), 6-0 से हराया। अब फाइनल में जगह बनाने के लिए मार्टा की टक्कर अनास्तासिया पोटापोवा से होगी।पहले सेट में मार्टा और नोस्कोवा दोनों खिलाड़ियों को ही कड़ा संघर्ष करना पड़ा। मार्टा ने निर्णायक टाई-ब्रेक में 7-1 से जीत हासिल कर ली। वहीं दूसरे सेट में मार्टा हावी रहीं। उन्होंने यह सेट 6-0 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। वहीं अनास्तासिया पोटापोवा और मार्टा का डब्ल्यूटीए टूर पर रिकॉर्ड 2-2 का है पर उन्होंने अपने पिछले दो मुकाबले सीधे सेटों में जीते हैं, जिसमें पिछले साल मैड्रिड में हुआ मैच भी शामिल है। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में मीरा एंड्रीवा और हैली बैप्टिस्ट के बीच मुकाबला होगा। मार्टा के लिए यह सत्र विशेष रहा है। मैड्रिड में वह एक भी सेट नहीं हारी हैं। वहीं राउंड ऑफ 32 में उसे जेसिका पेगुला पर बड़ी जीत मिली। है। जीत के बाद मार्टा उत्साहित होते हुए कहा कि यह अविश्वसनीय लगता है।

# चैंपियंस लीग फुटबॉल में एटलेटिको और आर्सेनल के बीच मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा



मैड्रिड । एटलेटिको मैड्रिड और आर्सेनल के बीच यूईएफए चैंपियंस लीग फुटबॉल 2026 में पहला लेग 1-1 से ड्रा रहा। स्पेन के मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में खेला गया यह मैच पेनल्टी और वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) के फैसलों के कारण विवादों में रहा, जिसने अंतिम टिकट कटाने के लिए लंदन में होने वाले अगले सप्ताह के दूसरे लेग को और भी अम बना दिया है। आर्सेनल के लिए यह ड्रॉ थोड़ा निराशाजनक रहा, क्योंकि वीएआर के देर से आने के कारण उन्हें दूसरे पेनल्टी का अवसर नहीं मिला। इस मुकाबले में दोनो ही टीमें शुरुआत से ही सतर्क नजर आईं, किसी भी गलती से बचने के प्रयास करती रहीं। एटलेटिको ने अपने घरेलू मैदान पर अच्छी शुरुआत की। पहला हाफ समाप्त होने से ठीक पहले, आर्सेनल को बढ़त मिली। । बॉक्स के अंदर विक्टर ग्योकेरेस को डेविड हैंको द्वारा धक्का दिए जाने के बाद रेफरी ने उसे पेनल्टी दी जिसे ग्योकेरेस ने गोल में बदलकर आर्सेनल को 1-0 कीबढ़त दिला दी। वहीं दूसरे हाफ की शुरुआत में ही एटलेटिको मैड्रिड ने अच्छी वापसी की। 56वें मिनट में, बेन व्हाइट के हैंडबॉल के बाद एटलेटिको को पेनल्टी मिली जिसे गोल में बदलने में जूलियन अल्वारेज ने कोई गलती नहीं की और स्कोर 1-1 पर पहुंचा दिया। 78वें मिनट में फाउल के कारण आर्सेनल को एक और पेनल्टी मिलने की उम्मीद थी पर वीएकआरे ने रेफरी के शुरुआती फैसले को पलट दिया, जिससे आर्सेनल को निराशा हुई। इसके बाद दोनो ही टीमों ने कई प्रयास किये पर वे गोल नहीं कर पायीं। दोनों टीमें अब अगले सप्ताह लंदन में होने वाले दूसरे लेग में उतरेंगी।

# थॉमस कप फाइनल्स : क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे से भिड़ेगा भारत

होर्सेंस (डेनमार्क) (एजेंसी)। भारत थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीनी ताइपे की मजबूत टीम से भिड़ेगा और इस मुकाबले को जीतकर अपने दूसरे खिताब की ओर बढ़ने की कोशिश करेगा। भारत ने चार साल पहले अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए थॉमस कप का खिताब जीता था जो बैडमिंटन की विश्व टीम चैंपियनशिप है। इस बार भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और उसका सामना चीनी ताइपे से होगा जिसने अब तक यह टूर्नामेंट नहीं जीता है।

भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से करते हुए कनाडा को 4-1 से हराया। टीम ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का 5-0 से शिकस्त दी लेकिन चीन को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। चीनी ताइपे की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है जिसकी अगुवाई दुनिया के नंबर



छठे नंबर के एकल खिलाड़ी चोउ टिएन चेन कर रहे हैं। उनके साथ दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन लिन चुन-यी और दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी ची यू जेन टीम की एकल चुनौती को बेहद मजबूत बनाते हैं।

युगल में ताइपे के पास चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन की दुनिया की 14वें तथा ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की दुनिया की नंबर 16वें नंबर की जोड़ी है। दूसरी ओर भारत की टीम काफी अच्छी लय में नजर आ रही है। उसके एकल और युगल दोनों ही खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप की अपनी बेहतरीन लय को यहां भी बरकरार रखा है। उस चैंपियनशिप में वह उपविजेता रहे थे। यहां उन्होंने अपने तीनों मैच जीते हैं।

भारत के दो अनुभवी खिलाड़ियों एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत ने तीसरे एकल मुकाबले की जिम्मेदारी आपस में बांटी है। बुधवार को खेले गए मैच में श्रीकांत ने चीन के लू गुआंग झू के खिलाफपिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज की। प्रणय ने 2022 में भारत की खिताबी जीत के दौरान भी ऐसी ही भूमिका निभाई थी। ऑल इंग्लैंड के फाइनल में जगह बनाने वाले लक्ष्य सेन भले ही तीन गेम वाले दो रोमांचक मुकाबले हार गए हों लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है।

अब जब उनका मुकाबला नाराओका से होगा तो भारत की जीत काफी हद तक उन्हीं पर निर्भर करेगी। वह जापान के इस प्रतिद्वंद्वी से छह बार हार चुके हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने अपने शुरुआती दो मैच जीते,लेकिन उसके बाद वे चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से करीबी मुकाबले में हार गए। सात्विक के कंधे की चोट से उबरने के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट था और उम्मीद है कि यह करीबी मुकाबला उन्हें नॉकआउट चरण से पहले तैयारी में मदद करेगा। हरिहरन अमसाकरुणन और एमआर अर्जुन की दूसरी युगल जोड़ी ने भी अब तक अपने तीन में से दो मैच जीते हैं और वे भारत को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में मदद करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वर्ष 2022 में खिताब जीतने के अलावा भारत ने 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदक भी जीते हैं।

# आईपीएल में अभी किसी टीम को प्रबल दावेदार नहीं बता सकते : गांगुली

कोलकाता । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है आईपीएल में सभी टीमें अच्छा खेल रही हैं और ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता है कि कौन सी टीम जीतेगी । पंजाब किंग्स अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए काफी अच्छा कर रही है। इसके अलावा राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भी उसे कड़ी टक्कर दे रही हैं। अन्य टीमों भी उलटफेर कर रही हैं। कुल मिलाकर टूर्नामेंट अभी संतुलित हाल में है और कोई भी टीम आगे जा सकती है। इसलिए ये नहीं कहा जा सकता है ये टीम खिताब की प्रबल दावेदार है। गांगुली के अनुसार अभी करीब आधे मुकाबल बचे हुए है और ऐसे में ये टूर्नामेंट किसी भी दिशा में जा सकता है। कुल मिलाकर देखा जाये तो अभी कोई भी टीम ऊपर आ सकती है क्योंकि इस बार काफी अच्छी प्रतिस्पर्धा हो रही है। । अंक तालिका में भी टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हो रहा है। पंजाब किंग्स अभी पहले स्थान पर चल रही है। वहीं दूसरे पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है और तीसरे पर राजस्थान रॉयल्स वह चौथे पर सनराइजर्स हैदराबाद है। गुजरात टाइटन्स पांचवें स्थान पर है।



